RNI. MPHIN/2016/68439

“मूढ़ को अधिक संपत्ति प्राप्त हो तो उसके अपने तो भूखे रहेंगे और दूसरे लाभान्वित होंगे।
—तिरुवल्लुवर”

# दैनिक मेल पॉवर



पेज 4

वर्ष- 10 | अंक-64 | भोपाल, शुक्रवार 1 अगस्त 2025 | पेज-8 | आमंत्रण मूल्य -1 रुपए | राजधानी भोपाल से प्रसारित

## न्यूज. ब्रीफ

### दिल्ली में रोडरेज की दो चौंकाने वाली घटनाएं हुई

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली में रोडरेज की दो चौंकाने वाली घटनाएं सामने आई हैं, जहां मामूली सी बात पर हिंसा इस कदर बढ़ गई कि तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए, और एक व्यक्ति को तो अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। खास बात यह है कि दोनों ही मामलों में हॉर्न बजाना झगड़े की वजह बनी है। पहली घटना द्वारका सेक्टर-10 की है, जहां 27 जुलाई की रात करीब 2:30 बजे कुछ युवक खाना लेने एक स्वल्पाहार गृह पहुंचे थे। मनोज, कुणाल और नागेंद्र, तीनों दोस्त वहां खाने के लिए रुके थे। मनोज ने वेटर को बुलाने के लिए गाड़ी का हॉर्न बजाया, जिससे पास खड़ी थार और बीएमडब्ल्यू के पास मौजूद लोगों को गुस्सा आ गया। प्राथमिकी के अनुसार, थार गाड़ी के पास खड़े व्यक्ति ने गाली-गलौज शुरू कर दी। तभी दोनों गाड़ियों से 7-8 युवक उतरे और मनोज पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए कुणाल को भी पीटा गया। हमलावरों ने बीयर की बोतलों और पत्थरों से हमला किया, जिससे उनकी कार के शीशे भी टूट गए और दोनों युवक घायल हो गए।

### प्रेशर हॉर्न, फ्लैग रॉड और गैरकानूनी लाइट्स पर पूरी तरह प्रतिबंध

रांची। झारखंड में सड़क सुरक्षा और ध्वनि प्रदूषण को लेकर उच्च न्यायालय ने एक सख्त कदम उठाया है। झारखंड हाईकोर्ट की खंडपीठ ने आदेश दिया है कि राज्य में प्रेशर हॉर्न, मल्टी-टोन हॉर्न, फ्लैग रॉड और अनाधिकृत अतिरिक्त लाइटों वाले वाहन अब नहीं चलेंगे। कोर्ट ने इन सभी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है। पीठ ने साफ कहा है कि झारखंड की सड़कों पर अब ऐसे वाहन नहीं दिखने चाहिए जिनमें आपातकालीन वाहनों की तरह लाल और नीली लाइट लगी हो। अदालत ने प्रशासन को यह भी निर्देश दिया कि राजनीतिक और धार्मिक संगठनों से जुड़े वाहनों पर लगे झंडे और फ्लैग रॉड भी तत्काल हटाए जाएं, चाहे वह किसी भी पार्टी या संप्रदाय से संबंधित क्यों न हो। अदालत ने कहा कि ध्वनि प्रदूषण विनियमन और नियंत्रण नियम, साथ ही केंद्रीय मोटर वाहन नियमों का अक्षरशः पालन अनिवार्य है। इसके तहत, रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का उपयोग बिना अनुमति के पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

### एचयूएल का एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 5.97 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में शानदार नतीजे दर्ज किए हैं। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 5.97 प्रतिशत बढ़कर 2,768 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 2,612 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में उत्पादों की बिक्री से राजस्व 5.15 प्रतिशत बढ़कर 16,296 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष 15,497 करोड़ रुपये था। कंपनी ने एकीकृत अंतर्निहित बिक्री वृद्धि (यूएसजी) 5 प्रतिशत और अंतर्निहित मात्रा वृद्धि (यूवीजी) 4 प्रतिशत दर्ज की। अप्रैल-जून तिमाही में कर-पूर्व लाभ सालाना आधार पर 6.4 प्रतिशत घटकर 3,303 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल 3,529 करोड़ रुपये था। इस दौरान एचयूएल का कुल खर्च 7.25 प्रतिशत बढ़कर 13,284 करोड़ रुपये हो गया। अन्य राजस्व सहित कंपनी की कुल आय 4.7 प्रतिशत बढ़कर 16,715 करोड़ रुपये हो गई।

**म.प्र. में निवेश संबंधी किये जा रहे प्रयासों की दी जानकारी**

# प्रधानमंत्री श्री मोदी से मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नई दिल्ली में की सौजन्य भेंट

**राज्य सरकार की उपलब्धियों से कराया अवगत**





**भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को पार्लियामेंट हाउस नई दिल्ली में सौजन्य भेंट की और पुष्प-गुच्छ भेंट कर अभिवादन किया पुस्तिका में प्रदेश की अर्थव्यवस्था, औद्योगिक विकास जनजाति कल्याण, किसान कल्याण, नारी शक्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुशासन, शहरी विकास, पर्यटन एवं संस्कृति संरक्षण और पर्यावरण संबंधी गतिविधियों एवं उपलब्धियों का ब्यौरा शामिल है।

**दुबई-स्पेन की निवेश यात्रा से कराया अवगत**

प्रधानमंत्री श्री मोदी को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हाल ही में मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश आकर्षित करने के लिए की गई दुबई एवं स्पेन की यात्रा में मिली सफलता की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के चहुँमुखी विकास के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्रदेश की साढ़े 8 करोड़ आबादी को हमेशा मिलता है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह सहित केन्द्रीय मंत्रियों से भेंट की

**मध्यप्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति से कराया अवगत**

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को नई दिल्ली प्रवास के दौरान गृह और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह सहित अनेक केंद्रीय मंत्रियों से भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट कर मार्गदर्शन प्राप्त किया और मध्यप्रदेश में कानून व्यवस्था और दुग्ध-सहकारिता गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण से भेंट की। मुख्यमंत्री



डॉ. यादव ने केन्द्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर से भेंट कर प्रदेश में ऊर्जा, नगरीय विकास क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी दी।

# विकास निगम को 2 हजार करोड़ की वित्तीय सहायता मंजूर

- कैबिनेट की बैठक में किसानों और रेलवे से जुड़ी कई बड़ी घोषणाओं को मंजूरी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में किसानों और रेलवे से जुड़ी कई बड़ी घोषणाओं को मंजूरी दी गई। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कुल छह अहम फैसलों को मंजूरी दी गई, इसका सीधा असर देश के किसानों, कोऑपरेटिव संस्थाओं और रेलवे नेटवर्क पर पड़ेगा। कैबिनेट ने राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) को 2000 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की। मोदी सरकार की योजना से देश के 94 प्रतिशत किसान वर्ग को लाभ मिलेगा। इसके तहत 2025-26 से लेकर 2028-29 तक के लिए यह सहयोग जारी रहेगा। मोदी सरकार का लक्ष्य है कि इससे सहकारी संस्थाएं और अधिक मजबूत होकर किसानों की आय बढ़ाने में भूमिका निभाएं। मोदी सरकार ने पीएमकेएसवॉय के लिए कुल 6520 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी है, जिसमें 1920 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि शामिल है। इस योजना के अंतर्गतः1000 करोड़ रुपये से खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं और विकिरण इकाइयों की स्थापना की जाएगी। 100 एनएबीएल मान्यता प्राप्त फूड टेस्टिंग लैब्स और 50 फूड इरिडेशन यूनिट्स स्थापित की जाएंगी। अन्य घटक योजनाओं के लिए 920 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि फूड प्रोसेसिंग सेक्टर का एक्सपोर्ट 11 वर्षों में दोगुना होकर 5 बिलियन डॉलर से बढ़कर 11 बिलियन डॉलर पहुंच चुका है। मोदी कैबिनेट ने गुरुवार को इटारसी से नागपुर तक चौथी रेलवे लाइन बिछाने को मंजूरी दी है।

# आतंकवाद भगवा न कभी था, न है, न कभी रहेगा: फडणवीस

**मालेगांव ब्लास्ट में कोर्ट ने फैसले पर महाराष्ट्र सीएम ने दी प्रतिक्रिया**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मालेगांव ब्लास्ट में एनआईए कोर्ट ने गुरुवार को सबूतों के अभाव में सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया। फैसले के बाद महाराष्ट्र के सीएम देंवेंद्र फडणवीस ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- आतंकवाद भगवा न कभी था, न है, न कभी रहेगा। वहीं



डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने भी एक्स पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा- सत्य कभी असफल नहीं होता। 17 सालों की लंबी लड़ाई के बाद एक विशेष अदालत ने मालेगांव विस्फोटों के सात कथित आरोपियों को बरी कर दिया। यह सच है कि न्याय में देरी हुई, लेकिन यह एक बार फिर साबित हो गया है कि सत्य कभी पराजित नहीं होता।

# अदालत से बरी होने पर भावुक साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने कहा, आज भगवा जीत

**मुझे 13 दिनों तक प्रताड़ित किया , मेरी जिंदगी बर्बाद कर दी**

**मुंबई।** एनआईए की विशेष अदालत ने गुरुवार को 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित सहित सभी सात आरोपियों को बरी किया। इसके फैसले के बाद अदालत में भावुक माहौल छा गया। अदालत ने अपने फैसले में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए), शस्त्र अधिनियम और भारतीय दंड संहिता



(आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत आरोपों को बरकरार रखने के लिए पर्याप्त सबूतों के अभाव का हवाला दिया। फैसला सुनाए जाने के बाद मुख्य आरोपियों में से एक साध्वी प्रज्ञा ठाकुर अदालत में फूट-फूट कर रो पड़ीं। हाथ जोड़कर जज को संबोधित कर उन्होंने कहा, मुझे 13 दिनों तक प्रताड़ित किया गया। मेरी जिंदगी बर्बाद कर दी गई। मुझे 17 साल तक अपमानित किया गया। उन्होंने मुझे अपने ही देश में आतंकवादी करार दिया। बरी होने के लिए अदालत का शुक्रिया अदा कर कहा, मैं उन लोगों के बारे में कुछ नहीं कह सकती जिन्होंने मुझे इस हालत में पहुंचाया।

**शाह ने राज्यसभा में भरी हुंकार**

# पीओके कांग्रेस ने दिया , हमारी सरकार वापस लेकर आएगी

**देश में आंतकवाद कांग्रेस की तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के चलते**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर हुई चर्चा के दौरान कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) तथा आतंकवाद के मुद्दे पर जमकर निशाना साधा। केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने दो टूक कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) कांग्रेस की देन है और वापस लेने का काम भाजपा ही करेगी। उन्होंने देश में आतंकवाद के फैलने का बड़ा कारण कांग्रेस की तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति को बताया। गृह मंत्री ने सुरक्षाबलों द्वारा पहलगाम में ऑपरेशन महादेव के तहत आतंकियों को मार गिराने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि हर-हर महादेव केवल एक धार्मिक नारा नहीं, बल्कि सुरक्षाबलों का उद्घोष है, जो उनके साहस और संकल्प को दिखाता है। उन्होंने कहा कि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दृढ़ संकल्प कश्मीर को आतंकवाद से पूरी तरह मुक्त करना है। अमित शाह ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर में आतंकियों के आकाओं को नष्ट किया गया, जबकि ऑपरेशन महादेव में पहलगाम में निदोषों की हत्या करने वाले आतंकियों को खत्म किया गया। शाह ने तीनों सेनाओं के शौर्य को सम्मान देकर बताया कि कैबिनेट कमिटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की बैठक में सेना को पूर्ण कार्रवाई की छूट दी गई थी। उन्होंने बताया कि 7 मई को भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को तबाह किया, जिसमें लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिद्दीन के ठिकाने शामिल थे। गृह मंत्री शाह ने बताया कि 8 मई को पाकिस्तान द्वारा भारतीय रिहायशी इलाकों पर गोलीबारी और सैन्य ठिकानों पर मिसाइल तथा ड्रोन हमलों का भी जिक्र किया। इसके जवाब में, 9 मई को भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आठ एयरबेस और एयर डिफेंस सिस्टम को ध्वस्त कर दिया, जिसके बाद पाकिस्तान घुटनों पर आ गया और उसने भारत से हमले रोकने की मांग की। अमित शाह ने स्पष्ट किया कि भारत का उद्देश्य युद्ध नहीं, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई था। जब अमित शाह जवाब देने उठे, विपक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सदन में आकर जवाब

# ट्रंप ने भारत पर ठोंका टैरिफ , रुस और ईरान खुलकर भारत के समर्थन में उतरे

**मास्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फिर सुर्खियों में हैं। इस बार वजह सिर्फ रूस नहीं, भारत और ईरान भी हैं। ट्रंप ने जहां रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव को अपने शब्दों पर ध्यान देने की चेतावनी दी, वहीं भारत को भी निशाने पर ले लिया है। लेकिन इस बार ट्रंप की तीखी टिप्पणियों का पलटवार पहले रूस ने किया और फिर ईरान ने अमेरिकी नीतियों को ह्यआर्थिक साम्राज्यवाद बताकर भारत का खुला समर्थन कर दिया। रूसी नेता मेदवेदेव ने ट्रंप को उनकी ही भाषा में जवाब देकर अमेरिका को उसकी परमाणु विरासत की याद दिला दी।



दूसरी ओर, ट्रंप ने भारत की रूस के साथ दोस्ती और ईरान से व्यापार को लेकर अमेरिका की नाखुशी खुलकर जताई। पूर्व रूसी राष्ट्रपति मेदवेदेव ने ट्रंप की चेतावनी का मजाक उड़ाकर जवाब दिया, अगर मेरे शब्दों से इतना डर लग रहा है, तब इसका मतलब है कि रूस सही दिशा में है। भारत और रूस की अर्थव्यवस्था को मृत बताने पर उन्होंने ट्रंप को याद दिलाया कि ह्यवाकिंग डेडह्ल जैसे शो सिर्फ मनोरंजन नहीं होते, और अमेरिका को ह्यडेड हैंडह्ल से सावधान रहना चाहिए। डेड हैंड कोल्ड वार के जमाने का रूस का ऑटोमैटिक न्यूक्लियर रिटालिएशन सिस्टम था। यानी अगर रूस किसी परमाणु हमले में तबाव हो जाता है, तब डेड हैंड अपने आप ही परमाणु मिसाइलों को लॉन्च कर देगा। वहीं दूसरी तरफ ट्रंप प्रशासन ने ईरानी पेट्रोकेमिकल व्यापार से जुड़ी 6 भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। इसमें मुंबई, सूरत और गुजरात की कंपनियां शामिल हैं।

# भारतीय महिला में डॉक्टरों ने खोजा , ऐसा ब्लड ग्रुप जो दुनिया में कहीं भी पहचाना नहीं गया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के कोलार जिले की एक 38 वर्षीय महिला में डॉक्टरों ने एक ऐसा ब्लड ग्रुप खोजा है, जो अभी तक दुनिया में कहीं भी पहचाना नहीं गया था। डॉक्टर ने ब्लड ग्रुप को सीआरआईबी नाम दिया है। अभी तक दुनिया में इस ब्लड ग्रुप के 10 लोग ही सामने आए हैं। यह मामला तब सामने आया जब महिला को दिल की सर्जरी के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला का ब्लड ग्रुप ओ आएच प्लस था, जो कि सबसे आम माना जाता है। लेकिन जब सर्जरी के लिए खून जुटाया गया, तब कोई भी ओ पॉजिटिव यूनिट महिला के शरीर से मेल नहीं खा रही थी। इसके बाद जांच के लिए सैंपल को बेंगलुरु के रोटरी बैंगलोर टीटीके ब्लड सेंटर की एडवांस्ड लैब में भेजा गया। टीम ने महिला के 20 परिजनों के ब्लड सैंपल भी जांचे, लेकिन कोई मेल नहीं मिला। डॉ. अंकित माथुर ने बताया कि हमारे द्वारा एडवांस टेस्टिंग की, जिसमें सामने आया कि मरीज का खून हर सैंपल से पैन-रिएक्टिव था, यानी किसी भी खून से मेल नहीं खा रहा था। हमें शक हुआ कि यह कोई नया या बहुत दुर्लभ ब्लड ग्रुप हो सकता है। इसके बाद महिला और उसके परिवार के ब्लड सैंपल इंटरनेशनल ब्लड ग्रुप रेफरेंस लैब, ब्रिस्टल, यूके भेजे गए। 10 महीने की रिसर्च और जेनेटिक टेस्टिंग के बाद आखिरकार वैज्ञानिकों ने महिला में एक बिल्कुल नया ब्लड ग्रुप एंटीजन खोज निकाला। क्या है सीआरआईबी ब्लड ग्रुपसीआरआईबी का पूरा नाम क्रोमोसोम रीजन आइडेंटिफाइड एज ब्लड ग्रुप है। इसका संबंध आईएनआरए (इंडियन रेयर एंटीजिन) ब्लड ग्रुप सिस्टम से है, जिसे इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ ब्लड ट्रांसफ्यूजन (आईएसबीटी) ने 2022 में मान्यता दी थी। सीआरआईबी ब्लड ग्रुप में एक आम पाया जाने वाला एंटीजन नहीं होता, जो ज्यादातर लोगों में होता है। इस वजह से सीआरआईबी ब्लड ग्रुप वाले व्यक्ति को सिर्फ सीआरआईबी-नेगेटिव खून ही चढ़ाया जा सकता है, जो पूरी दुनिया में बेहद दुर्लभ है।

## पुंछ के मौलाना को आतंकी बताने पर मचा बवाल, पत्नी ने कहा- माफी नहीं, सजा मिले, मीडिया पर 10 करोड़ का मानहानि केस

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के बैला गांव में गम और गुस्से का माहौल है। यहां रहने वाले मौलाना कारी मोहम्मद इकबाल की 7 मई को पाकिस्तान की बमबारी में मौत हो गई थी। वे एक मदरसे में शिक्षक थे और जामिया जिया-उल-उलूम में पढ़ाया करते थे। लेकिन उनकी शहादत के बाद कुछ मीडिया चैनलों ने उन्हें पाकिस्तानी आतंकी और लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर बता दिया था। मीडिया में झूठी खबरें चलने के बाद उनके परिवार ने न्याय की लड़ाई शुरू की है, जो कि अभी जारी है। दरअसल शिक्षक कारी मोहम्मद की पत्नी नसीम अख्तर ने दो बड़े मीडिया संस्थानों को 5-5 करोड़ का मानहानि नोटिस भेजा है और कहा है कि माफी से बात नहीं बनेगी, मेरे पति को आतंकी बताकर अपमानित किया गया, उनके शहीद होने को झूठा कहा गया। उन्हें सजा मिलनी चाहिए। नसीम अख्तर का कहना है कि उनके पति देशभक्त थे और अपने छात्रों को शिक्षित करने में जीवन लगा दिया। उन्होंने कभी देश विरोधी गतिविधियों में हिस्सा नहीं लिया।

**मालेगांव ब्लास्ट केस** | **बीजेपी नेता सौमया ने फैसले को कांग्रेस और गांधी परिवार के लिए करारा तमाचा**

# मालेगांव ब्लास्ट केस: कांग्रेस फैसले से नाखुश, भाजपा और शिवसेना (यूबीटी) नेताओं ने जाहिर की खुशी

**नई दिल्ली।** मालेगांव ब्लास्ट केस में सभी आरोपियों के बरी होने के बाद राजनीतिक गलियारों में बयानबाजी तेज हो गई है। कांग्रेस और भाजपा के नेताओं के साथ-साथ शिवसेना (यूबीटी) ने भी इस फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। जहां कांग्रेस ने एनआईए अदालत के फैसले पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद, इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि यह फैसला इंसाफ नहीं है। उन्होंने फिर कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से कहती रही है कि धर्म का आतंकवाद से कोई लेना-देना नहीं है और भगवा आतंकवाद शब्द तत्कालीन



गृह सचिव आर.के. सिंह ने गढ़ा था, जिन्हें बाद में भाजपा ने अपने साथ रखा। वहीं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष, राहुल गांधी ने फैसले को सरकार द्वारा मुद्दों से भटकाने का प्रयास बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने अपनी नीतियों को तबाह किया है और अब लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद, ने सवाल उठाया कि अगर पुलिस ने सभी कड़ियों को जोड़कर जांच की थी, तब फिर यह धमाका किसने किया था। उन्होंने जोर दिया कि मालेगांव में ब्लास्ट हुआ था और आतंकवाद को हिंदू या मुसलमान के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। लेकिन इंडिया गठबंधन में शामिल शिवसेना (यूबीटी) ने मालेगांव ब्लास्ट केस के फैसले का स्वागत किया है। शिवसेना (यूबीटी) नेता, आनंद दुबे ने कोर्ट के निर्णय को स्वागत योग्य बताकर कहा कि 17 साल बाद ही सही, सत्य सामने आया है। उन्होंने जोर दिया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता और भगवा आतंकवाद जैसी कोई चीज नहीं है, जैसा कि कुछ नेताओं ने पहले कहा था। उन्होंने न्याय मिलने में लगे समय पर भी सवाल उठाया, लेकिन कोर्ट को धन्यवाद दिया कि देर आए दुरुस्त आए। भाजपा का हमलाः सोनिया और राहुल माफी मांगें भाजपा नेता, किरीट सोमैया ने अदालत के फैसले को कांग्रेस और गांधी परिवार के लिए करारा तमाचा बताया। उन्होंने मांग की कि सोनिया और राहुल गांधी देश के हिंदुओं से माफी मांगें।

# राजद बिहार में 20 सीटों पर सिमट जाएगी, महागठबंधन की स्थिति कमजोर

**बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज ने कहा- इंडिया गठबंधन डूबती नाव**

**नई दिल्ली।** बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और इंडिया गठबंधन पर गुरुवार को हमला बोलते हुए दावा किया कि राजद बिहार विधानसभा चुनाव में 20 सीटों पर ही सिमट जाएगी। उन्होंने महागठबंधन को महादरार नाम दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शाहनवाज ने कहा कि महागठबंधन में सबकुछ ठीक नहीं है। मुकेश सहनी जो अब तक खुद को डिप्टी सीएम घोषित कर चुके हैं, यह जानते हैं कि तेजस्वी यादव सीएम नहीं बन पाएंगे। उनकी सरकार नहीं बनेगी। शाहनवाज ने कहा कि इंडिया गठबंधन की स्थिति कमजोर है, जिसे उन्होंने डूबती नाव बताया। उन्होंने कहा कि गठबंधन के सहयोगी दल जल्द ही इससे अलग हो सकते हैं, क्योंकि राजद में आंतरिक मतभेद और कमजोर स्थिति साफ दिख रही है। उन्होंने संकेत दिया कि समय के साथ यह भी साफ हो जाएगा कि कौन सी पार्टी में कौन शामिल होगा, लेकिन राजद की स्थिति को उन्होंने ह्यमहादरारह्ल करार दिया। अमेरिका की ओर से भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाए जाने पर हुसैन ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था बहुत मजबूत है। कितनी भी दिक्कत आए, हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत ही रहेगी।

# डेनेशिया डेंटल हॉस्पिटल और ग्लोबल वेलफेयर स्माइल फाउंडेशन द्वारा वी.आई.टी भोपाल की एन.एस.एस इकाई में आयोजित किया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

दैनिक भेल पॉवर ■

वी.आई.टी भोपाल की एन.एस.एस इकाई ने डेनेशिया अंतर्राष्ट्रीय दंत चिकित्सा और ग्लोबल वेलफेअर स्माइल फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग द्वारा 31 जुलाई को एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जिसमें लगभग 1500 प्रतिभागियों ने निःशुल्क दंत एवं नेत्र परीक्षण का लाभ उठाया। इस कार्यक्रम का मुख्य संकल्प जनता को निःशुल्क और विश्वसनीय स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना था । इस कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 10:00 बजे , वी.आई.टी विश्वविद्यालय के सभाघर में हुई । स्वास्थ्य जांच शिविर में आदरणीय दंत रोग विशेषज्ञ डॉ प्रशांत त्रिपाठी, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ पूजा त्रिपाठी तथा उनकी चिकित्सा इकाई ने अपनी सेवाएँ




प्रदान की। उल्लेखित स्वास्थ्य जांच शिविर में विश्वविद्यालय के आदरणीय प्रति कुलपति श्री टी बी श्रीधरन ने अपनी उपस्थिति से प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया ।माननीय कुलपति ने डॉ प्रशांत त्रिपाठी की प्रशांसा करते हुए इस शिविर में उनका आभार व्यक्त किया । उक्त कार्यक्रम के दौरान डॉ पूजा त्रिपाठी ने दंत रोग जैसे मुख कैंसर तथा मौखिक स्वच्छता की देखभाल रखने के लाभों के बारे में बताया और सभी उपस्थित जनों ने नशे से मुक्त रहने की एवं नशा मुक्त भारत बनाने की शपथ भी ग्रहण की । डॉ प्रशांत त्रिपाठी ने चल दंत चिकित्सालय से प्रतिभागियों को अवगत कराया। इस जांच शिविर का मुख्य आकर्षण आधुनिक उपकरण जैसे एआई आधारित स्कैनर, डेंटल लेजर, मुख कैंसर पहचानने वाले उपकरण एवं अंतरराष्ट्रीय नैदानिक उपकरण का उपयोग रहा । एन.एस.एस के सभी स्वयंसेवकों ने ,कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. विनोद भट्ट तथा डॉ. देवव्रत गुप्ता के विशेष मार्गदर्शन में उल्लेखित शिविर का व्यवस्थित और सहज संचालन करने में अहम भूमिका निभाई । यह कार्यक्रम शाम 4:30 बजे तक अत्यंत सफलता के साथ संपन्न हुआ । इस कार्यक्रम ने सभी को व्यक्तिगत स्वास्थय की और ध्यान देने का संदेश दिया।

# श्री बी.बी.एस. परिहार बने उप मुख्य महाप्रबंधक भोपाल शहर

## मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा आदेश जारी

दैनिक भेल पॉवर ■



**भोपाल** । मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा आदेश जारी कर श्री बी.बी.एस. परिहार को भोपाल शहर वृत्त का उप मुख्य महाप्रबंधक का प्रभार सौंपा गया है। इसी प्रकार श्री अमित श्रीवास्तव, श्री रवि प्रकाश चौबे, श्री राजेन्द्र कुमार अग्रवाल को उप मुख्य महाप्रबंधक कंपनी मुख्यालय तथा श्री राजेश सक्सेना को उप मुख्य महाप्रबंधक श्योपुर वृत्त बनाया गया है। इसी क्रम में विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष श्री जय नारायण नागर की सेवाएं अध्यक्ष के रूप में निरंतर रखते हुए उप मुख्य महाप्रबंधक का प्रभार सौंपा गया है। मुख्य महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट) बनीं श्रीमती अमिता तिवारी मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रशासनिक सुविधा की दृष्टि से कंपनी मुख्यालय में पदस्थ उप मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती अमिता तिवारी को प्रोजेक्ट अनुभाग की मुख्य महाप्रबंधक का प्रभार सौंपा गया है।

# निगम के उपायुक्त श्री सी.बी.मिश्रा सहित 10 कर्मचारी सेवानिवृत्त अपर आयुक्त श्री देवेन्द्र सिंह चौहान ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी ससम्मान बिदाई



दैनिक भेल पॉवर ■

**भोपाल।** नगर निगम, भोपाल के उपायुक्त श्री सी.बी.मिश्रा सहित 10 कर्मचारी अपनी सेवा अवधि पूर्ण कर निगम सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। निगम के 31 जुलाई 2025 को शासकीय सेवा से निवृत्त हुए अधिकारियों/कर्मचारियों को अपर आयुक्त श्री देवेन्द्र सिंह चौहान ने शॉल, श्रीफल, मिष्ठान आदि भेंटकर बिदाई दी और उनके सुखमय जीवन की कामना की। गुरूवार को माता मंदिर स्थित कार्यालय में निगम की सेवा से सेवानिवृत्त हुए उपायुक्त श्री सी.बी.मिश्रा, टेज्सर श्री अवधनारायण पांडे, नि.श्रे.लि. श्री अलीम समद, क्लीनर श्री मो0आरिफ, फिल्टर ऑपरेटर श्री सलमान उद्दीन, हेल्पर श्री बाला प्रसाद शर्मा, श्रमिक श्री महेश चन्द्र, भृत्य श्रीमती नुसरत जहां, सफाई मित्र श्रीमती आशा बाई, विनियमित कुशल श्रमिक श्रीमती रेखा श्रीवास्तव को ससम्मान बिदाई दी गई। इस मौके पर सेवा निवृत्त अधिकारी/कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री एस. नजीर अहमद के अलावा डॉ. शमीम कुरैशी, श्री आनन्द कुमार फुलवानी, श्री राजेन्द्र सक्सेना, श्री रामसिंह राठौर, श्री संपतराव पवार, श्री हसन तैयब, श्री अब्दुल रकीब, श्री एम.एम.रघुवंशी, श्री जगदीश कोचर, श्री राजेन्द्र यादव सहित निगम के अन्य कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि व बड़ी संख्या में निगम के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद थे।

# केन्द्रीय कैबिनेट ने इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन परियोजना को दी मंजूरी

## महाकालेश्वर-ओंकारेशवर से श्रीशैलम (आंध्रप्रदेश) और रामेश्वर (तमिलनाडु) तक ज्योतिर्लिंग यात्रा होगी सहज

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का माना आभार





दैनिक भेल पॉवर ■

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन को मंजूरी देने के लिए आभार माना है। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में दी गई इस मंजूरी से मध्यप्रदेश को विशेष लाभ होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन को मंजूरी मिलने से प्रदेश के नर्मदापुरम, बैतूल, पांढुर्णा सहित नागपुर (महाराष्ट्र) को भी इससे सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन परियोजना को मंजूरी मिलने से प्रदेश के महाकालेश्वर-ओंकारेशवर से श्रीशैलम (आंध्रप्रदेश) और रामेश्वरम (तमिलनाडु) तक ज्योतिर्लिंग यात्रा और सहज एवं आसान होगी। परियोजना के क्रियान्वयन से हर साल 5.3 करोड़ लीटर डीजल की बचत के साथ ही 10 मिलियन टन अतिरिक्त माल ढुलाई क्षमता विकसित होगी। साथ ही एक हजार 206 करोड़ रुपए की लॉजिस्टिक्स लागत में भी बचत संभावित होगी।

## नियम उल्लंघन और नशे में वाहन चलाने पर हो सख्त कार्रवाई

# भोपाल को बनाया जाए सड़क सुरक्षा और यातायात सुधार का आदर्श शहर - न्यायमूर्ति श्री सप्रे

## हेलमेट,सीट बेल्ट सहित यातायात नियमों के पालन को बनाएं आदत

- सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति अध्यक्ष के साथ जिला सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक



दैनिक भेल पॉवर ■

**भोपाल** । सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष एवं सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री अभय मनोहर सप्रे ने कहा है कि भोपाल में सड़क सुरक्षा और यातायात सुधार के क्षेत्र में संगठित प्रयासों के माध्यम से और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, पुलिस, नगर निगम सहित सभी संबंधित विभागों को गंभीरता, लगन और समर्पण भाव से कार्य करना होगा। उन्होंने समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर आगामी 3 माह में सकारात्मक बदलाव सुनिश्चित करने की अपेक्षा की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा संबंधी समिति भोपाल को इस दिशा में हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मृत्यु की संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। न्यायमूर्ति श्री सप्रे की अध्यक्षता में शुक्रवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय भोपाल में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई।बैठक में कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह, पुलिस आयुक्त श्री हरिनारायणचारी मिश्र, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री पंकज श्रीवास्तव, नगर निगम आयुक्त श्री हरेन्द्र नारायण, सीईओ स्मार्ट सिटी श्रीमती अंजू अरुण कुमार, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती ईला तिवारी एवं एडीएम श्री अंकुर मेश्राम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। न्यायमूर्ति श्री सप्रे ने कहा कि हेलमेट पहनने की आदत को बढ़ावा दिया जाए, सीट बेल्ट उपयोग के प्रति जागरूकता लाई जाए, शराब पीकर वाहन चलाने वालों एवं नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। लोक परिवहन को बढ़ावा दिया जाए ताकि सड़कों पर छोटे वाहनों का दबाव कम हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस विभाग सहित सभी शासकीय कर्मचारी वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट/हेलमेट का उपयोग करें। स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य किया जाए। उन्होंने मीडिया से जन-जागरूकता अभियान को गति देने में सहयोग का भी आग्रह किया। न्यायमूर्ति श्री सप्रे ने भोपाल जिले के अंतर्गत विगत 5 वर्षों में हुई सड़क दुर्घटनाओं, ब्लैक स्पॉट चिन्हांकन एवं उनके सुधार कार्यों, चालानी कार्रवाई, जन-जागरूकता अभियानों और अन्य नवाचारों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति का जीवन अमूल्य है और किसी की गलती से निर्दोष की जान न जाए यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति श्री सप्रे ने निर्देश दिए कि वाहनों की फिटनेस की नियमित जांच की जाए, ड्राइविंग टेस्ट में सख्ती बरती जाए, बीमा और लाइसेंस की अनिवार्यता सुनिश्चित की जाए तथा ओवरलोडिंग पर रोक के लिए विशेष कार्रवाई की जाए। सड़कों पर मानक गति सीमा का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के लिए राहवीर योजना और कैशलेस ट्रीटमेंट योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। न्यायमूर्ति श्री सप्रे ने कहा कि प्रशासन एवं पुलिस बड़ी संस्थाओं से अपील करे कि वे अपने कर्मचारियों के लिए परिवहन सुविधाएं, जैसे बसें आदि, उपलब्ध कराएं जिससे सड़कों से वाहनो का अत्यधिक दबाव कम हो। उन्होंने जिले के नागरिकों से भी आग्रह किया कि बच्चों को बचपन से ही सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाए। कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि भोपाल जिले में सड़क सुरक्षा और यातायात सुधार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिनमें नवाचार और जन-जागरूकता अभियान शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। पुलिस आयुक्त श्री हरिनारायणचारी मिश्र ने कहा कि पुलिस विभाग सड़क सुरक्षा को लेकर और अधिक सक्रियता से कार्य करेगा तथा जागरूकता अभियान को गति देकर उसे प्रभावी बनाया जाएगा।

# राज्य कार्यक्रम अधिकारी ने की डेंगू नियंत्रण हेतु समीक्षा

## मच्छर उत्पत्ति स्थलों का चिन्हीकरण हो - डॉ. जायसवार

दैनिक भेल पॉवर ■

**भोपाल।** राज्य कार्यक्रम अधिकारी वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम मध्यप्रदेश डॉ. हिमांशु जायसवार ने वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित एंबेड प्रोजेक्ट की समीक्षा की। इस दौरान क्षेत्रीय समन्वयक फैमिली हेल्थ इंडिया डॉ. संतोष भार्गव, कार्यक्रम समन्वयक श्री रत्नेश सिंह, फैसिलिटेटर श्री कृष्णा पटेल सहित स्टाफ मौजूद रहा। डॉ. जायसवार ने निर्देश दिया कि डेंगू नियंत्रण के लिए भोपाल सहित सभी जिलों में विशेष अभियान चलाया जाए। जिन घरों में या अन्य स्थानों पर लार्वा प्राप्त हो रहा है, उनका विशेष चिन्हीकरण करके ब्रीडिंग सोर्सेज को खत्म करना आवश्यक है। प्रदेश में डेंगू नियंत्रण हेतु आवश्यक गतिविधियां आयोजित की जाएं, विशेषकर वॉलंटियर मॉडल को प्रभावित समस्त जिलों में लागू करने की योजना बनाई जाए। संक्रमण काल में जागरूकता गतिविधियां बहुत आवश्यक हैं। राज्य कार्यक्रम अधिकारी ने परियोजना द्वारा संचालित गतिविधियों की समीक्षा की



और आगामी माह के लिए रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने परियोजना की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। एंबेड प्रोजेक्ट की समीक्षा के दौरान राज्य कार्यक्रम अधिकारी ने डेंगू नियंत्रण के लिए आवश्यक गतिविधियों को आयोजित करने और वॉलंटियर मॉडल को लागू करने पर जोर दिया।

# 33प्रति किशोर अब दोस्तों की बजाय AI से साझा करते हैं दिल की बात

दैनिक भेल पॉवर ■

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का सबसे ज्यादा असर किशारों पर पड़ा हैं। दुनियाभर के किशोर दोस्तों से ज्यादा वक्त एआई के साथ बिता रहे हैं। अकेले अमेरिका में ही किशारों के बीच अकेलेपन का संकट इतना गहरा गया है कि 33 फीसदी किशोर अब इंसानी दोस्तों की बजाय एआई चैटबॉट्स से दोस्ती कर रहे हैं और अपने दिल की बातें साझा कर रहे हैं। हालत यह हो गई है कि किशोर अब मॉल जाना, मूवी देखना जैसी सामाजिक गतिविधियां छोड़ रहे हैं, जिससे उनमें डिप्रेशन और एंग्जायटी के मामले बढ़ रहे हैं। ऐसे में एआई ही उनका सहारा बन रहा है। कॉमन सेंस मीडिया की रिपोर्ट' टॉक, ट्रस्ट एंड ट्रेड-ऑफ्सः हाउ एंड व्हाय टीन्स यूज एआई कंपैनियंस' में बताया गया है कि एआई चैटबॉट का इस्तेमाल अब किशोरों के बीच एक आम चलन बन चुका है। इसके संस्थापक जेम्स पी. स्टेयर ने कहा कि किशोर अपनी भावनाएं ऐसी एआई कंपनियों से साझा कर रहे हैं जिन्हें बच्चों के हितों की कोई परवाह ही नहीं है।



गोपनीयता और मानसिक स्वास्थ्य पर खतरा लेखक जेम्स ग्रेग ने चिंता जताई कि कई किशोर अपने राज एआई चैटबॉट्स को बता रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या आप चाहेंगे कि आपकी किशोरावस्था की डायरी की बातें सैम ऑल्टमैन या इलॉन मस्क के पास हों? अगर एआई चैटबॉट्स सामाजिक जीवन का विकल्प बनते जा रहे हैं, यह अकेलापन दूर करने का सही विकल्प नहीं है।

# म. प्र. अपेक्स बैंक कर्मचारी साख सहकारी समिति की 54 वी वार्षिक आम सभा संपन्न

दैनिक भेल पॉवर ■

अपैक्स बैंक मुख्यालय टी टी नगर भोपाल 6 वी मंज़िल पर अपैक्स बैंक कर्मचारी साख समिति की 54 वी आम सभा सम्पन्न हुई. इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष श्री करुण यादव द्वारा संस्था सदस्यों के समक्ष



संस्था का वर्ष 2025 का लेखा जोखा प्रस्तुत किया. संस्था सदस्यों को संबोधित करते हुए बताया की संस्था सतत लाभ अर्जन कर रही है व संस्था का एनपीए शून्य है । संस्था लगातार कई वर्षों से अपने सदस्यों को लाभांश वितरित कर रही है . इस वर्ष भी संस्था के द्वारा अपने सदस्यों को 6 प्रतिशत लाभांश देने की घोषणा की गई । संस्था के प्रबंधक श्री जैन को उनकी ३९ वर्ष की सेवा अवधि के पश्चात भावभीनी बिदाई भी दी गई । इस अवसर पर अपैक्स बैंक के उप महाप्रबंधक श्री के. टी. सज्जन, प्रबंधक श्री विवेक मलिक, श्री समीर सक्सेना, श्री अजय देवड़ा एवं संस्था के संचालक मंडल के सदस्य एवं समस्त संस्था के सदस्य उपस्थित थे।

# ईमानदार सफाई मित्रों का कार्य नगर निगम की गरिमा को बढ़ाने वाला एवं सत्यनिष्ठा और

## कर्तव्य परायणता का संदेश देने वाला है

- महापौर श्रीमती मालती राय ने ईमानदार सफाई मित्रों का किया सम्मान, निगम आयुक्त श्री हरेन्द्र नारायन ने भी किया उत्साहवर्धन
- डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कार्य से संबंधित सफाई मित्रों ने
- वापस लौटाई डस्टबिन में मिली 60 हजार रुपये कीमत की चांदी

दैनिक भेल पॉवर ■

**भोपाल।** निगम के सफाई मित्रों ने एक बार फिर से ईमानदारी का परिचय देते हुए डस्टबिन में मिली लगभग 60 हजार रुपये कीमत की चांदी वापस लौटाई। महापौर श्रीमती मालती राय ने ईमानदार सफाई मित्रों का सम्मान करते हुए कहा कि निगम के सफाई मित्रों ने नगर निगम की गरिमा को बढ़ाया है उनका यह कृत्य सत्यनिष्ठा और कर्तव्यपरायणता का संदेश देने वाला भी है। महापौर श्रीमती मालती राय ने जोन क्र. 12 के उक्त सफाई मित्रों को अंगवस्त्र एवं पुष्पहार/पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। इससे पहले निगम आयुक्त श्री हरेंद्र नारायण ने भी सफाई मित्रों का पुष्पहार एवं गुलदस्ता भेंट कर उत्साहवर्धन किया। नगर निगम, भोपाल की जोन क्रमांक 12 के वार्ड



क्र. 58 में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कार्य से संलग्न वाहन क्रमांक एम.पी.-04-जी.बी. 3096 पर पदस्थ सफाई मित्रों को कस्तूरबा नगर ए-सेक्टर में कचरा एकत्रीकरण कार्य के दौरान एक डस्टबिन से लगभग 60 हजार रुपए कीमत की चांदी मिली थी जिसे सफाई मित्र श्री विनोद एवं सुश्री ममता ने वाहन चालक श्री संतोष के साथ संबंधित भवन स्वामी को लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया। महापौर श्रीमती राय ने गुरूवार को उक्त कर्मचारियों को आई.एस.बी.टी स्थित महापौर कार्यालय में अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। महापौर श्रीमती राय ने निगम के ईमानदार सफाई मित्रों को जमीनी नायक निरूपित करते हुए कहा कि हमारे सफाई मित्रों ने बेशकीमती सामान भवन स्वामी को लौटाकर जो ईमानदाराना कृत्य किया है वह न सिर्फ नगर निगम की गरिमा को बढ़ाने वाला है बल्कि अन्य लोगों के लिए सत्यनिष्ठा और कर्तव्यपरायणता का संदेश देने वाला भी है। महापौर श्रीमती राय ने कहा कि हमें अपने ऐसे साथियों पर गर्व है। इससे पहले निगम आयुक्त श्री हरेन्द्र नारायन ने भी उपरोक्त कर्मचारियों का पुष्पहार एवं गुलदस्ता भेंट कर उत्साहवर्धन किया। निगम आयुक्त श्री नारायन ने कहा कि नगर निगम के सफाई मित्र न सिर्फ विपरीत परिस्थितियों में अपना कार्य मुस्तैदी के साथ करते है बल्कि ईमानदारी का परिचय भी देते है, ऐसे कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की बैठक संपन्न

दैनिक भेल पॉवर ■

पिपरिया विगत दिनों प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई श्री जी रेस्टोरेंट में दादा हीरासिंग मरकाम जी के चित्र पर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया स्थानीय मुद्दों पर चर्चा हुई इसके बाद पिपरिया रेस्टहाउस में पार्टी के जन आंदोलन को आगे बढ़ाने पर विचार विमर्श किया गया जिसमें महिला मोर्चा अध्यक्ष दीदी शांति राज कुशराम ने कहा कि आज हमारे बीच पुराने कार्यकर्ताओ से मिलने का मौका मिला है दादा जी के सपनों को साकार करने के लिए संगठन को मजबूत करने में कार्यकर्ता की अहम भूमिका होनी चाहिए हम सभी से अपील करते हैं सभी एक मत होकर दादा जी सपनों को साकार करें गोंडवाना गणतंत्र पार्टी में जो मदभेद वर्तमान में हैं उन्होंने सभी भुलाकर एकजुट होकर काम करें इस दौरान जिला नर्मदापुरम अध्यक्ष राजेश कुमार उईके ने पार्टी के राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों का भी तहे दिल से



शुक्रिया अदा कर धन्यवाद दिया है जिन्होंने राजेश कुमार उईके पर विश्वास जताया है पार्टी के रीति रिवाजों को और अनुशासन में रहकर काम करने का मौका दिया है इस दौरान अध्यक्ष जी का फूल माला से स्वागत किया गया पिपरिया विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी नन्हेलाल रोहर ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि आज हमारे बीच नया अध्यक्ष मिला है नर्मदापुरम में जो राष्ट्रीय स्तर से दिशानिर्देश जारी होंगे उसी तरह काम को आगे बढ़ाने और संगठन को मजबूत करने का प्रयास कर दादा हीरासिंग मरकाम जी के सपनों को साकार करेंगे इस कार्यक्रम में पिपरिया सोहागपुर बनखेड़ी बाबई से कार्यकताओं की उपस्थिति रही

# गड्ढे बन रहे जानलेवा गड्ढे साहब रोड़ तो बनवा दो

## इस रोड़ से गुजरती हैं सारे बड़े अधिकारियो की गाड़ी

दैनिक भेल पॉवर



**नरसिंहपुर।** जिले की एक ऐसी रोड़ जो अनेक वर्षों से विकास के लिए तरस रही है,लेकिन उस तरफ शायद नाही जनप्रतिनिधियों का और ना बड़े अधिकारीयों का ध्यान आकर्षण हुआ, इसके कारण वह रोड का सुधार नहीं हो पाया, कई बर्षो से बरसात आने पर सिर्फ उन गड्ढो पर डस्ट डालकर खानापूर्ति की जाती है, जबकि यह मार्ग कोर्ट और कलेक्ट्रेट भवन की और जाता है! कहते हैं कि जिले का विकास कलेक्ट्रेट भवन की रोड से ही पहचाना जाता है!

### हर जिले की यही पहचान है

क्योंकि अगर प्रभारी मंत्री से लेकर सांसद तक जो जिला विकास और समीक्षा बैठक होती वह कलेक्ट्रेट भवन में ही होती है,अधिकांश, अन्य जिलों के लोग भी कलेक्ट्रेट काम से जाते है, इस कारण कहीं ना कहीं विकास को कलेक्ट्रेट भवन की रोड़ से मापा जाता है, और अन्य जिलों के लोग जब अपने जिले में जाते हैं,तो वह उस जिले की चर्चा जरूर करते हैं कि उस जिले में कितना विकास हुआ जैसे नरसिंहपुर जिले के लोग जब छिंदवाड़ा से लौटकर आते हैं तो छिंदवाड़ा मॉडल की बात जरूर करते है, इस कारण अगर मध्य प्रदेश में नरसिंहपुर विकास मॉडल की चर्चा होना है, तो जिले की रोड और खासकर कलेक्ट्रेट की रोड विकास मॉडल की तरह चमकना चाहिए ना कि गड्ढे मॉडल की तरह।

# स्वास्थ्य विभाग तथा संगत संस्था द्वारा रील मेकिंग प्रतिभागी आशा कार्यकताओं को किया गया पुरस्कृत

दैनिक भेल पॉवर




**रायसेन।** रायसेन में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से संगत संस्था द्वारा आयोजित सहारा कार्यक्रम जो कि इंफोसिस फाउंडेशन द्वारा वित्त पोषित है, के अंतर्गत रील मेकिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागी आशा कार्यकताओं को जिला स्तर पर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एचएन मंडारे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ सुमन दास, डॉ भारती, संगत संस्था के सहारा कार्यक्रम की प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ नित्या श्री, जिला कम्युनिटी मोबाइजर श्री बगीश और सीनियर साइकोलॉजिस्ट डॉ रीतिका चौहान, संगत संस्था के जिला समन्वयक श्री प्रशांत शर्मा, सुपरवाइजर श्री गौरी शंकर द्विवेदी और कुमारी प्रतीक्षा शर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि आशा कार्यकर्ता इस पूरे स्वास्थ्य विभाग की रीड की हड्डी हैं और आशा कार्यकताओं के माध्यम से विभाग अपनी स्वास्थ्य की गतिविधियों को ग्राम स्तर से लेकर शहरी स्तर तक संचालित कर रहा है। हमें इस बात की प्रसन्नता है कि संगत संस्था इस तरह के आयोजन करके आशा कार्यकताओं के मनोबल को बढ़ाने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने रील मेकिंग प्रतियोगिता में पुरस्कृत हुई आशा कार्यकताओं को शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी ने कहा कि संगत संस्था के कार्यक्रम में आशा कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं, इससे मातृ मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि टीकाकरण कार्य को हमें निरंतर अच्छे तरह से पूर्ण करना है। इस अवसर पर संगत संस्था की प्रोग्राम डायरेक्टर डॉक्टर नित्या श्री ने कहा कि संगत संस्था निरंतर चार वर्ष से इस कार्यक्रम में अपना सहयोग दे रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अपना परस्पर सहयोग देने के लिए आभारी है। जिससे हम गर्भवती माता के मानसिक स्वास्थ्य पर निरंतर काम कर पा रहे हैं। आशा कार्यकताओं के पुरस्कार में प्रथम पुरस्कार रीता आशा कार्यकर्ता विकासखंड सिलवानी, द्वितीय पुरस्कार बबली मेहरा उदयपुरा, तृतीय पुरस्कार बबली धाकड़ उदयपूरा को प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर समस्त आशाओं को जिन्होंने भी इसमें भाग लिया था उन्हें भी सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव 2 अगस्त को सीहोर में, 5 हजार करोड़ के औद्योगिक निवेश का करेंगे भूमिपूजन




दैनिक भेल पॉवर

**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दो अगस्त को सीहोर के बडाखेड़ी क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल होंगे, जहां वे करीब 5 हजार करोड़ रुपये के औद्योगिक निवेश का भूमिपूजन करेंगे। इस कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए कलेक्टर बालागुरू के. और एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सीहोर जिले में औद्योगिक विकास को गति देना और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस दौरान लगभग 2 हजार करोड़ रुपये के निवेश वाली औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन करेंगे। साथ ही, लगभग 3 हजार करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश के लिए औद्योगिक इकाइयों को भूमि के आशय पत्र (समजजमत वा पदजमदज) भी सौंपे जाएंगे।

# बाढ़ पीड़ितों की मदद को आगे आया लायंस क्लब विदिशा सनराइज

## स्लम एरिया और रामलीला मैदान में वितरित किए भोजन व बिस्कुट के पैकेट

दैनिक भेल पॉवर



**विदिशा।** हाल की अतिवृष्टि और बेतवा नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण प्रभावित स्लम क्षेत्रों और अस्थायी विस्थापित बस्तियों में लायंस क्लब विदिशा सनराइज द्वारा सेवा कार्य किया गया। यह राहत अभियान लायंस क्लब विदिशा (मेन) के सचिव लायन देशराज पचौरी की पहल पर आयोजित किया गया, जिसमें सनराइज क्लब के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। लायन शोभित भार्गव ने जानकारी देते हुए बताया कि बेतवा नदी के किनारे बसी बस्ती और रामलीला मैदान में आश्रय लिए हुए बाढ़ पीड़ित परिवारों को भोजन के पैकेट वितरित किए गए। वहीं, छोटे बच्चों को बिस्कुट के पैकेट देकर उनका उत्साह बढ़ाया गया। इस सेवा कार्य में क्लब अध्यक्ष लायन शालिनी भार्गव, पूर्व रीजन चेयरपर्सन एवं क्लब मार्गदर्शक टखऋ लायन जी.एस. चौहान, लायन तपिश अग्रवाल, लायन अमित ठाकुर, लायन राजेंद्र खेड़ा, लायंस क्लब विदिशा के अध्यक्ष लायन शाश्वत शर्मा, सचिव लायन देशराज पचौरी तथा जोन चेयरपर्सन लायन डॉ. रवि साहू की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लायन शालिनी भार्गव ने कहा, सेवा कार्य लायनिज्म की आत्मा है। जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाना हमारा नैतिक कर्तव्य है और लायंस क्लब इसके लिए सदैव तत्पर रहेगा।

# याशिका बनी नपा के स्वच्छता अभियान की ब्रांड अंबेसडर



दैनिक भेल पॉवर

**सीहोर।** शहर की नगर पालिका को स्वच्छता के मामले में प्रदेश में पहला स्थान मिला है, नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता को लेकर कई प्रयास किए जा रहे हैं, इसमें घर घर से कचरा वाहन से कचरा एकत्रित करने एवं कचरा निपटान की व्यवस्था सहित अन्य प्रयास शामिल है। शहर को स्वच्छ रखने के लिए आम नागरिक भी सहभागिता कर रहे हैं, इसके लिए नगर पालिका द्वारा प्रचार प्रसार किया जा रहा है। अब स्वच्छता अभियान के तहत आम नागरिकों तक स्वच्छता की बात पहुंचाने के लिए बालिका याशिका सरकार जो लगातार नगर को स्वच्छ बनाने की अपील नागरिकों से कर रही थी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने नगर पालिका के स्वच्छता अभियान का ब्रांड अंबेसडर बनाया है।

# वनकर्मियों पर हमला करने वाले आरोपीयों को हुई जेल

दैनिक भेल पॉवर



**रायसेन।** अपनी जान को जोखिम में डालकर वनों की रक्षा करने वाले वनकर्मियों को आखिर न्याय मिल ही गया। रायसेन वन मंडल के तहत गढ़ी रेंज के ग्राम अंधियारी के जंगल में वन कर्मियों ने छापामारी कार्रवाई की थी। तभी कीमती सागवान वहान को रेंज लाते समय आरोपियों ने वन कर्मियों पर हमला कर दिया था। इस प्रकरण के आरोपियों का मामला न्यायालय में चल रहा था जिसके तहत दो आरोपियों को जेल हो गई है। वन परिक्षेत्र सामान्य गढ़ी अंतर्गत दिनांक 04.06.2025 को रात्रि में मुखविर द्वारा अवैध कटाई की सूचना के आधार पर वन मंडल अधिकारी श्रीमति प्रतिभा शुक्ला, सुधीर पटले उप वनमण्डल अधिकारी (सा.) रायसेन के निर्देशन में बीट समनापुर वनक्षेत्र में गस्ती के दौरान वृक्ष कटाने की आवाज आने वाली जगह पर पहुँचने पर वनोपज से भरा सोनालिका ट्रेक्टर, ट्राली को पकड़ा। जिसे परिक्षेत्र कार्यालय लाते समय आरोपियों द्वारा वन अमले पर पत्थरों एवं डन्डों से हमलाकर ट्रेक्टर-ट्राली छुड़ाने का भरसक प्रयास किया गया। तत्पश्चात ट्रेक्टर-ट्रॉली गढ़ी लाकर वन अपराध प्रकरण दर्ज कर थाना गैरतगंज में आरोपियों के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करायी गयी। एफ.आई.आर. के तारतम्य में न्यायालय गैरतगंज द्वारा अंधियारी निवासी आरोपी भूपेन्द्र उर्फ शेरू पिता अजमेर सिंह गुर्जर उम्र 22 वर्ष एवं अमन गुर्जर पिता कमल सिंह गुर्जर उम्र 23 वर्ष को दिनांक 30.07.2025 को जेल भेजा गया है।

# यदि आनलाइन हाजिरी ही लगवानी है तो बायोमेट्रिक मशीन लगे मध्यप्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में

दैनिक भेल पॉवर

न्यू मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन संघ ने मध्यप्रदेश के ,शिक्षा मंत्री से मांग करता है, कि यदि आपको मध्यप्रदेश के पांच लाख सरकारी शिक्षकों पर भरोसा नहीं रहा कि शिक्षक समय पर स्कूल नहीं जाते,समय पर तो मोबाइल के हमारे शिक्षक एप, अथवा सार्थक एप की जगह सभी स्कूलों में बायोमैट्रिक मशीन लगाकर शिक्षकों की हाजिरी दर्ज कराएं, मोबाइल पर हाजिरी व्यवस्था अव्यवहारिक हैं, क्योंकि कुछ कार्यरत शिक्षकों के पास मोबाइल भी उपलब्ध नहीं है, यदि है तो कीपैड है , इसके साथ साथ नेटवर्क की समस्या, बिजली की समस्या, प्रत्येक माह नेट पैक भरवाने की समस्या बहुत से शिक्षकों के पास पुराने मोबाइल सेट जो हैंग कर रहे हैं, किसी कदर बातचीत संभव हो पाती है, मोबाइल से हाजिरी में बहुत सारी समस्याएं मौजूद हैं,साथ में शिक्षकों से प्रत्येक माह अनावश्यक खर्च करवाने की मंशा न रखी जाएं, विभाग राजधानी में बैठकर मध्यप्रदेश के



सभी स्कूलों की अलग-अलग समस्याओं को ध्यान में न रखते हुए ऐसा तुगलकी फरमान न जारी करें,आधे मध्यप्रदेश में सार्थक एप,आधे प्रदेश में हमारे शिक्षक एप वैसे भी शिक्षक दो प्रकार के आदेशों से परेशान हैं, मध्यप्रदेश का शिक्षक सवर्ग हाजिरी लगाने से नहीं भग रहा है,बस मोबाइल पर होने वाली हाजिरी से परेशान होकर भग रहा है, मध्यप्रदेश के शिक्षकों की मनोनुकूल दशाओं का समझा जाएं, प्रत्येक माह डाटा पैक अपने स्वैच्छिक चार्ज करवाने वाले शिक्षकों को प्रत्येक माह डाटा पैक लेने हेतु बाध्य किया जा रहा है, पुरानी टूटे मोबाइलों की जगह नये मोबाइल सेट लेने से शिक्षक परेशान हैं, आखिर ई अटेंडेंस बायोमेट्रिक मशीन से भी लिया जा सकता है,जिसकी जिम्मेदारी सरकार उठाएं विभाग उठाएं ई अटेंडेंस की अव्यवहारिक जिम्मेदारी शिक्षकों को ही उनके खर्चे पर देकर सरकार शिक्षकों पर अत्याचार न करे, मोबाइल सेट का कोई भरोसा नहीं कभी डाटा पैक नहीं,कभी बिजली की समस्यायों से चार्ज नहीं, कभी स्कूल भगने की जल्दबाजी में घर में ही भूल जाने जैसे बहुत समस्याएं आ रही है, माननीय मुख्यमंत्री जी शिक्षा मंत्री जी मध्यप्रदेश के पांच लाख शिक्षक निवेदन करता है कि मध्यप्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में बायोमैट्रिक मशीन लगवाकर हाजिरी लगवाएं लेकिन शिक्षकों के मोबाइल सेट से ही आनलाइन हाजिरी लगाना अनिवार्य न करें, शिक्षक समय चोर नहीं है,ए धारणा बायोमेट्रिक मशीन से भी हाजिरी लगवाकर देखी जा सकती है।

## लाखों खर्च, फिर भी अधूरे पड़े आंगनबाड़ी भवन

# सात वर्ष बीते लेकिन पूर्ण नही हो सका पाडल्या दान का आंगनवाड़ी भवन

दैनिक भेल पॉवर

**नरसिंहगढ़।** शासन के लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद भी बच्चों के लिए बनाए जा रहे नरसिंहगढ़ जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली कई ग्राम पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र आज भी अधूरे हैं। शासन की योजनाएं कागजों पर पूरी दिखती हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है सरकारी आंकड़े कहते हैं कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और पोषण के लिए बनाए जा रहे आंगनबाड़ी भवनों पर भारी-भरकम बजट जारी किया गया है। लेकिन राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ जनपद पंचायत में कई ऐसे केंद्र हैं, जहां निर्माण वर्षों से अधूरा पड़ा है जनपद नरसिंहगढ़ के अंतर्गत आने वाले ग्राम पाडल्या दान जहां बच्चों को सुरक्षित और साफ-सुथरे माहौल में पढ़ाई और पोषण मिलना चाहिए था। लेकिन स्थिति यह है कि न तो नवीन



भवन तैयार है और न ही बच्चों के बैठने की समुचित व्यवस्था जबकि दो आंगनवाडी की अधिकतम राशि निकल चुकी है लेकिन आज तक इनका निर्माण पूर्ण नही होना पंचायत कर्मियों की लापरवाही सामने आती है आपकी जानकारी के लिए बात दे ग्राम पंचायत पाडल्या दान में दो आंगनवाड़ी स्वीकृत हुई थी लेकिन दोनों का निर्माण अधूरा पड़ा है जबकि शासन की और से 780000 राशि का आवंटन किया है जिसमे से लगभग पचास प्रतिशत राशि का आहरण भी हो चुका है लेकिन फिर भी आंगनवाड़ी भवन अधूरे पड़े है

> शीघ्र ही बाकी निर्माण कार्य करवाया जाएगा । सचिव ग्राम पंचायत पाडल्या दान आपके द्वारा मामला सामने आया है इसके लिए टीम गठित कर जांच उपरांत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी ।

इसका जिम्मेदार कौन है यह बड़ा सवाल है अब देखना यह होगा कि इन अधूरे पड़े आंगनबाड़ी भवन का निर्माण पूर्ण होता है या सांठ गांठ के चलते लीपा पोती हो जाएगी और शासन का पेसो का ऐसे ही दुरुपयोग होता रहेगा वही ऐसे हालात सिर्फ एक आंगनवाड़ी केंद्र के नहीं हैं। जिले भर में कई भवन या तो अधूरे हैं, या शुरू हुए बिना ही वर्षों से बंद पड़े हैं। सवाल यह है कि अगर योजनाएं और बजट दोनों तय हैं, तो फिर जमीनी अमल में इतनी लापरवाही क्यों? छोटे बच्चों का भविष्य इन अधूरे भवनों की नींव में उलझा पड़ा है।

# शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय हिनोती की छत बनी खतरे की घंटी, बारिश में टपक रहा पानी, प्लास्टर भी उखड़ने लगा

दैनिक भेल पॉवर

**नरसिंहगढ़।** सरकारी स्कूलों में जहां एक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है, वहीं दूसरी और स्कूल की जर्जर होती इमारतें इन दावों की पोल खोल रही हैं। ताजा मामला सामने आया है नरसिंहगढ़ विकासखंड के शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय हिनोती का, जहां स्कूल की छत से लगातार पानी टपक रहा है और प्लास्टर झड़ने लगा है। इससे विद्यार्थियों और स्टाफ की सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय की, जहाँ हर बारिश के बाद हालात और बदतर हो जाते हैं। स्कूल की छत से जगह-जगह पानी टपकता है, जिससे कक्षाएं जलभराव जैसी स्थिति से जूझ रही हैं। छत का प्लास्टर जगह-जगह से उखड़ चुका है, जिससे विद्यार्थियों



की जान पर भी खतरा मंडरा रहा है। कई बार छत से गिरता प्लास्टर का मलबा बच्चों के पास आकर गिरा है, लेकिन गनीमत है कि अब तक कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ बारिश के मौसम में ये स्कूल किसी खंडहर से कम नहीं लगता। दीवारों पर सीलन, फर्श पर पानी और प्लास्टर गिरने का डर ये सब शिक्षा के माहौल को प्रभावित कर रहे हैं। गौरतलब है कि स्कूलों के रखरखाव के लिए हर साल

> कलेक्टर जिला शिक्षा अधिकारी महोदय के द्वारा पूर्व में कई लिखित आदेश तय राशि के साथ मरम्मत के लिए दिए थे लेकिन उसके बावजूद आज भी शाला प्रबंधन ने उसका पालन नही किया है जंहा तक बात हिनोती स्कूल की है जिस कमरे में पानी टपक रहा हैं उसको सील कर दिया है और जल्दी ही मरम्मत की जायेगी ।

लाखों रुपये का बजट आवंटित होता है, लेकिन जमीनी हालात इससे अलग ही तस्वीर पेश कर रहे हैं। सवाल यह है कि आखिर कब सुधरेंगे इन सरकारी स्कूलों के हालात और कब मिलेगा बच्चों को सुरक्षित व अनुकूल शैक्षणिक माहौल फिलहाल स्कूल प्रबंधन और छात्र-छात्राएं प्रशासन से मदद की उम्मीद लगाए बैठे हैं। देखना होगा कि संबंधित विभाग इस मामले पर कितनी गंभीरता दिखाता है।

# संभाग आयुक्त ने सीहोर में विकास कार्यों की गुणवत्ता पर जोर दिया

दैनिक भेल पॉवर

**सीहोर।** भोपाल संभाग आयुक्त संजीव सिंह ने गुरुवार को सीहोर में कई विकास परियोजनाओं का निरीक्षण किया, जिसमें विधि महाविद्यालय, नापलाखेड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निमार्णाधीन भवन और शहीद स्थल शामिल हैं। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी कार्य तय समय-सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। इस दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने उन्हें कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। शहीद स्थल के निरीक्षण के दौरानए संजीव सिंह ने कहा कि इस ऐतिहासिक जगह को एक पवित्र स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। यहाँ बने ऑडिटोरियम में देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि नई पीढ़ी को शहीदों के बलिदान के बारे में पता चल सके। उन्होंने ग्राम सतपिपलिया में जल संरक्षण की



गतिविधियों का भी जायजा लिया। उन्होंने डगवेल रिचार्ज, कपिलधारा कूप और खेत तालाब जैसी संरचनाओं की सराहना की और इन प्रयासों में लोगों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। इसके बाद उन्होंने गुड़भेला के सरकारी स्कूल में बच्चों से पढ़ाई के बारे में बातचीत की। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित एक बैठक में संभाग आयुक्त ने स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए सेवाओं को और भी प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

# बरेली में किसानों की नहीं, बल्कि व्यापारियों की तुल रही मूंग,

## एसडीएम संतोष मृदगल पहुंचे केंद्र पर व्यापारी के खिलाफ करवाई

दैनिक भेल पॉवर

**बरेली।** एसडीएम संतोष मुद्गल की शक्ति आज देखने को मिली। जो व्यापारी दो नंबर का माल बेच रहे थे उन पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसडीएम के निर्देश के बाद अन्य और व्यापारियों में हड़कंप मच गया। हम बता दें आपके लिए कि ऐसे कई व्यापारी हैं जो अपना अनाज समर्थन मूल्य पर बेच रहे हैं ऐसी कई शिकायतें पहले भी आई है। ऐसी सूचना मिलने पर कार्रवाई की गई है। किसान हो रहे थे परेशान लेकिन व्यापारी ले देकर अपने माल को पहले तुलवा रहे थे जिससे कि किसानों को परेशानी उठाना पड़ रही थीं।

**NAME CHANGE**

I, Chhotu S/o Rameshavr Ji R/o Makan 22, Gramlasudiyahatu Post Devgad, Lasudiyahatu, PO: Deogarh, Dewas, Madhya Pradesh-455223 have changed my name to Rohit Patidar.

# मालेगांव विस्फोट: जब न्याय ने हिंदू समाज की गरिमा को पुनर्स्थापित किया






साध्वी प्रज्ञा की बाइक वर्षों पहले किसी और को बेची जा चुकी थी। सेना और खुफिया एजेंसियों के अनुसार कर्नल पुरोहित रकटक पर निगरानी कार्य कर रहे थे। 2016 में ठकअ ने साफ तौर पर कहा कि उनके पास इन आरोपियों के विरुद्ध कोई सशक्त साक्ष्य नहीं हैं।

29 सितम्बर 2008 को महाराष्ट्र के नासिक ज़िले के मालेगांव में हुआ बम विस्फोट एक साधारण आतंकी घटना नहीं थी, बल्कि यह वह क्षण था जिसने भारत में ₹हिंदू आतंकवाद₹ जैसे मिथ्या और राजनीतिक रूप से प्रेरित विमर्श की नींव डाली। एक ओर निर्दोष नागरिकों की मृत्यु, तो दूसरी ओर एक सुनियोजित प्रयास–हिंदू संगठनों, साधु-संतों, राष्ट्रवादी सैन्य अधिकारियों को आतंकवादी सिद्ध करने का। विस्फोट का विवरण और तत्काल जांच 29 सितम्बर 2008 को एक मोटरसाइकिल पर रखे गए विस्फोटक उपकरण से विस्फोट हुआ, जिसमें 6 नागरिकों की जान गई और 100 से अधिक घायल हुए। घटना के तुरंत बाद महाराष्ट्र अळर ने जो दिशा पकड़ी, वह अत्यंत चौंकाने वाली थी– इस्लामिक आतंकी संगठनों को छोड़कर पूरा ध्यान तथाकथित ₹हिंदू कट्टरपंथियों₹ पर केंद्रित किया गया। लक्षित व्यक्तित्वः संन्यासी, सैनिक और सनातन विचारधारा 1. साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर

एक संन्यासिनी, जो राष्ट्र सेवा और सांस्कृतिक उत्थान में लगी थीं। अळर ने आरोप लगाया कि विस्फोट में प्रयुक्त बाइक उन्हीं के नाम पर थी। मकोका जैसे संगीन कानून लगाए गए, लेकिन 2016 में ठकअ ने इन्हें हटा दिया। उन्हें वर्षों जेल में रहना पड़ा, अमानवीय यातनाएं सहनी पड़ीं। 2. ले. कर्नल श्रीकांत पुरोहित सेना के एक अधिकारी जिन्होंने रकटक और पाकिस्तान-समर्थित नेटवर्क के विरुद्ध खुफिया कार्य किया था। उन्हें षड्यंत्रपूर्वक फंसाया गया, जबकि उनके दस्तावेज और गोपनीय कार्य प्रणाली को अदालत ने वैध माना। 3. स्वामी असीमानंद और अन्य अन्य आरोपियों को भी बिना पर्याप्त साक्ष्य जेल में रखा गया। इन सबकी वैचारिक पृष्ठभूमि ₹राष्ट्र प्रथम₹ की रही है, न कि विध्वंस की। राजनीति और हिंदू आतंकवाद का मिथक इस प्रकरण को राजनीतिक लाभ और राष्ट्रीय विचारधारा को कलंकित करने के उद्देश्य से गढ़ा गया। तत्कालीन यूपीए सरकार में गृहमंत्री पी. चिदंबरम ने ₹सांप्रदायिक आतंकवाद₹ के स्थान पर ₹भगवा आतंकवाद₹ या ₹हिंदू आतंकवाद₹ जैसे शब्दों को गढ़ा। यह भारत के इतिहास में पहली बार था जब बहुसंख्यक समाज की सांस्कृतिक और धार्मिक आस्थाओं को आतंकवाद से जोड़ा गया। ठकअ की जांच और सच्चाई का उजागर होना 2011 में केस ठकअ को सौंपा गया। जांच में जो बातें सामने आईं, वे चौंकाने वाली थीं– विस्फोटक सामग्री से जुड़े कोई भौतिक प्रमाण आरोपियों के विरुद्ध नहीं मिले। साध्वी प्रज्ञा की बाइक वर्षों पहले किसी और को बेची जा चुकी थी। सेना और खुफिया एजेंसियों के अनुसार कर्नल पुरोहित रकटक पर निगरानी कार्य कर रहे थे। 2016 में ठकअ ने साफ तौर पर कहा कि उनके पास इन आरोपियों के विरुद्ध कोई सशक्त साक्ष्य नहीं हैं। 15 वर्षों का अन्यायः न्यायिक व्यवस्था पर प्रश्न इन निदोर्षों को लगभग 15 वर्ष तक मुकदमों, जेल और मानसिक पीड़ा का सामना करना पड़ा। क्या यह लोकतंत्र में न्यायिक प्रक्रिया का उपहास नहीं था? क्या कोई राजनीतिक सत्ता किसी निर्दोष संन्यासी और सैनिक को केवल विचारधारा के कारण आतंकवादी करार दे सकती है? क्या मीडिया, बुद्धिजीवी वर्ग और कथित सेक्युलर ताकतें इस क्षमा योग्य हैं? न्यायालय का अंतिम निर्णयः सत्य की जय 31 जुलाई 2025 को मुंबई की विशेष ठकअ कोर्ट ने निर्णय दियाः मामले में प्रस्तुत साक्ष्य संदेह से परे नहीं हैं अभियोजन यह सिद्ध नहीं कर पाया कि आरोपियों ने षड्यंत्रपूर्वक बम विस्फोट किया परिणामस्वरूप सभी आरोपी दोषमुक्त घोषित किए गए। यह निर्णय केवल कानूनी नहीं, सांस्कृतिक न्याय का भी निर्णय है। मीडिया की भूमिकाः निष्पक्षता या प्रायोजित नैरेटिव? 20082014 के बीच मीडिया का बड़ा वर्ग भगवा आतंकवाद₹ की व्याख्या करता रहा। प्राइम टाइम डिबेट, न्यूज रिपोर्ट, ग्राउंड स्टोरीज – सभी ने एक ही नैरेटिव को आगे बढ़ायाः हिंदू भी आतंकवादी हो सकते हैं! लेकिन अब कोई माफी नहीं। कोई आत्मावलोकन नहीं। भविष्य के लिए प्रश्न और संकल्प क्या अब ऐसे षड्यंत्रकारियों को दंड मिलेगा? क्या इन निर्दोष राष्ट्र सेवकों को क्षतिपूर्ति मिलेगी? क्या न्याय प्रणाली को राजनीति से पूर्णतः मुक्त किया जाएगा? क्या राष्ट्रवादी विचार को पुनः पूरी गरिमा के साथ स्थापित किया जाएगा? यह केवल निर्णय नहीं, सनातन विचार का पुनर्जीवन है मालेगांव केस केवल एक आतंकी हमले का मामला नहीं था, यह एक वैचारिक महायुद्ध था– जिसमें सनातन संस्कृति, राष्ट्रवाद, और भारतीय धर्म-संस्कृति को आतंकवाद की परिभाषा में समाहित करने का षड्यंत्र रचा गया। लेकिन अंततः सत्य की विजय हुई। यह निर्णय दशार्ता है कि भारत की आत्मा को झूठे आरोपों, विचारधारात्मक दुष्प्रचार या प्रायोजित साज़िशों से पराजित नहीं किया जा सकता।

# वर्ल्ड वाइड वेबः सीमाओं के पार सूचना की स्वतंत्र उड़ान




इंटरनेट ज्ञान और मनोरंजन का ऐसा खजाना है, जिसके माध्यम से किसी एक कोने में बैठे हुए ही आप दुनिया भर की सैर कर सकते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि इंटरनेट के माध्यम से विश्वभर की हर प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारियों को एक छोटे से बंद कमरे में रखे कम्प्यूटर या मोबाइल की स्क्रीन पर समेटकर ला देने वाला मूल मंत्र हहह (वर्ल्ड वाइड वेब) आज हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। यही शब्द प्रतिदिन दुनियाभर में करोड़ों कम्प्यूटरों पर असंख्य बार टाइप किया जाता है लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू नामक इंटरनेट की मायावी दुनिया में प्रवेश कराने वाली यह खिड़की कब और कैसे अस्तित्व में आई? वर्ष 1989 में डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू नामक इस मायावी शब्द को जन्म दिया था ऑक्सफोर्ड के क्वींस कॉलेज से ग्रेजुएशन कर चुके टिम बर्नर्स ली ने। वर्तमान में वेबपेज से जुड़ने या उसका निर्माण करने के लिए जो भी तरीके अपनाए जाते हैं, उनके पीछे बर्नर्स का ही दिमाग है। 8 जून 1955 को लंदन में जन्मे बर्नर्स ली ने 1976 में ऑक्सफोर्ड के क्वींस कालेज से ग्रेजुएशन किया था और उसी दौरान मात्र 21 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने अपने लिए एक छोटा सा कम्प्यूटर सैट बना लिया था। बर्नर्स ली के दिमाग में 1980 में अचानक ही हहह से संबंधित शुरूआती विचार आया। उस दौरान वह एक कम्पनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में कार्य कर रहे थे। तब उन्होंने कम्प्यूटर में मौजूद विभिन्न फाइलों को आपस में जोड़ने के लिए इनक्वायर नामक एक प्रोग्राम तैयार किया था। वह कम्प्यूटर पर मौजूद अपने दस्तावेजों और फाइलों को खोलने के लिए कुछ खास कोड नंबरों का प्रयोग किया करते थे और उनका यह तरीका कम्प्यूटर पर सफलतापूर्वक काम भी करता था किन्तु उन्होंने इससे भी आगे कुछ करने की ठानी थी। दरअसल बर्नर्स ली एक ऐसा ग्लोबल प्रोजेक्ट बनाना चाहते थे, जिसकी मदद से दुनिया के सभी कम्प्यूटरों को एक व्यापक सूचना तंत्र द्वारा जोड़ा जा सके और उन्हें अपने उद्देश्य में सफलता भी मिली। वह इंटरनेट के जरिये दुनियाभर के लोगों को सूचनाओं के एक विस्तुत नेटवर्क से जोड़ पाने में सफल हो गए। इस तरह इंटरनेट पर हहह की शुरूआत 1991 में हुई। टिम बर्नर्स-ली को एक इंटरनेट-आधारित संचार प्रणाली विकसित करने में उनकी रचनात्मकता के लिए सम्मानित करने के लिए प्रतिवर्ष 1 अगस्त को वर्ल्ड वाइड वेब दिवस मनाया जाता है। 1993 में इंटरनेट पर टेक्सट के साथ-साथ पिक्चर्स व ग्राफिक्स का प्रसारण भी शुरू हो गया, जिससे धीरे-धीरे इसकी लोकप्रियता बढ़नी शुरू हो गई और आज इंटरनेट की लोकप्रियता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि इंटरनेट का उपयोग करने वालों की संख्या आज दुनिया भर में करोड़ों में हैं। वैसे तो आज दुनियाभर में हर कोई इस बात से परिचित है कि इंटरनेट ज्ञान और मनोरंजन का खजाना है पर आपको यह खजाना खोजना भी तो आना चाहिए। दरअसल वर्ल्ड वाइड वेब पर एक ही विषय पर महत्वपूर्ण जानकारियों के असंख्य पृष्ठ भरे पड़े हैं, यदि आपको उनमें से अपने मतलब की जानकारी खोजने का तरीका ही मालूम नहीं हो तो आपके लिए यह सब किस काम के? मान लिया जाए कि जिस विषय पर आपको किसी जानकारी की आवश्यकता है, उससे संबंधित कुछ वेबसाइटों की आपको जानकारी भी है लेकिन यदि उन वेबसाइटों पर आपके मतलब की जानकारी न मिले, तब आप क्या करेंगे? आपकी इसी मुश्किल को आसान करता है इंटरनेट सर्च इंजन। इंटरनेट पर कुछ भी खोजते समय इंटरनेट सर्च इंजन ही आपकी मदद करता है। जिस भी विषय के बारे में आप जानकारी चाहते हैं, इंटरनेट सर्च इंजन के टूल बार में उसका नाम टाइप करने के बाद एक क्लिक करते ही यह उस विषय से संबंधित ढ़ेरों पेज आपके सामने खुल जाते हैं और इस तरह आप अपनी जरूरत आसानी से पूरी कर सकते हैं। दरअसल सर्च इंजन एक ऐसा प्रोग्राम है, जो विभिन्न प्रोग्राम्स के तहत कार्य करता है और इंटरनेट पर उपलब्ध सभी वेबसाइटों के लाखों-करोड़ों पृष्ठों को अपने अंदर समेटे रहता है। यही नहीं, इन पृष्ठों की संख्या में आए दिन वृद्धि होती जाती है। यह वेब आधारित एक ऐसी विशेष साइट है, जिसकी सहायता से आप किसी भी विषय पर एकत्रित की गई सूचनाओं तक आसानी से पहुंच सकते हैं। जब भी आप सर्च इंजन में कोई शब्द या वाक्य टाइप कर उससे संबंधित जानकारी चाहते हैं तो सर्च इंजन उस शब्द या वाक्य से संबंधित पृष्ठों की एक विस्तृत सूची बनाकर आपके सामने लाकर रख देता है, जिसमें से आप अपनी जरूरत की जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं। गूगल, याहू, खोज इत्यादि कुछ ऐसे सर्च इंजन हैं, जो आज दुनियाभर में प्रसिद्ध हैं और प्रतिदिन लाखों-करोड़ों बार हिट किए जाते हैं। यदि आप किसी खास विषय से संबंधित जानकारी पाना चाहते हैं तो अपनी खोज को विशेष बनाने के लिए टाइप किए जाने वाले शब्दों के साथ + , -_ इत्यादि चिन्हों का प्रयोग कर सकते हैं।

## संपादकीय

# नो हेलमेट, नो पेट्रोल : सड़क सुरक्षा की दिशा में एक स्वागत योग्य पहल

मध्य प्रदेश के इंदौर और भोपाल में 1 अगस्त, 2025 से लागू होने जा रहा नो हेलमेट, नो पेट्रोल नियम, सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन की गंभीरता और दृढ़ इच्छाशक्ति को दशार्ता है। यह एक ऐसा साहसिक और आवश्यक कदम है जो लाखों लोगों के जीवन को सुरक्षित बनाने की क्षमता रखता है। बेशक, हेलमेट पहनना केवल एक कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि हर दोपहिया वाहन चालक और यात्री के लिए जीवन रक्षक कवच है। यह निर्णय सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों और गंभीर चोटों को कम करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। यह समझना महत्वपूर्ण है कि प्रशासन का यह कदम अचानक नहीं उठाया गया है। यह सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी की सिफारिशों, केंद्र और राज्य सरकारों के निदेशों और मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा-129 के स्पष्ट प्रावधानों के अनुरूप है, जो आईएसआई मार्क हेलमेट के अनिवार्य उपयोग पर जोर देते हैं। पेट्रोल पंपों को इस अभियान में शामिल करना एक अत्यंत व्यावहारिक और दूरदर्शी रणनीति है। पेट्रोल दोपहिया वाहन चालकों की दैनिक आवश्यकता है और इस आवश्यकता को हेलमेट पहनने से जोड़कर, प्रशासन ने एक ऐसा प्रभावी तंत्र बनाया है जो सीधे नियमों का पालन न करने वालों को प्रभावित करेगा। यह पुलिस चालान या जुमार्ना भरने के डर से कहीं अधिक मजबूत प्रेरणा है, क्योंकि कोई भी अपनी यात्रा के बीच में पेट्रोल के बिना नहीं फंसना चाहेगा। यह कदम पेट्रोल पंप कर्मचारियों के लिए थोड़ी अतिरिक्त जिम्मेदारी ला सकता है, लेकिन यह उन्हें राष्ट्रीय हित में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर भी देता है। प्रशासन की ओर से पेट्रोल पंप संचालकों के साथ होने वाली बैठकें और आवश्यक दिशा-निर्देश यह सुनिश्चित करेंगे कि यह नियम सुचारू रूप से लागू हो। इस आदेश की सीमित अवधि (1 अगस्त, 2025 से 29 सितंबर, 2025 तक) को एक परीक्षण या जागरूकता अभियान के रूप में देखा जाना चाहिए। यह प्रशासन को नियम की जमीनी स्तर पर प्रभावशीलता का आकलन करने, संभावित चुनौतियों की पहचान करने और भविष्य में इसे और अधिक स्थायी तथा व्यापक बनाने के लिए आवश्यक सुधार करने का अवसर देगा। यह कोई दिखावा नहीं, बल्कि एक ठोस शुरूआत है जो धीरे-धीरे लोगों की आदतों में स्थायी बदलाव लाएगी। यह नो हेलमेट, नो पेट्रोल नियम सड़क सुरक्षा के लिए उठाए जा रहे व्यापक और बहुआयामी प्रयासों की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इंदौर में फळड द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस के निलंबन या निरस्तीकरण की चेतावनी और फळड कार्यालय में नो हेलमेट, नो एंट्री जैसे कदम स्पष्ट रूप से दशार्ते हैं कि प्रशासन इस मुद्दे पर गंभीर और संकल्पित है। ये सभी उपाय मिलकर एक ऐसा मजबूत ढांचा तैयार कर रहे हैं जो नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। नकली और गैर-मानक हेलमेट की समस्या को भी प्रशासन बखूबी समझता है।

## (आस्था)

### भोलेनाथ नशा करते हैं, तो भक्त क्यों नहीं? प्रेमानंद महाराज ने दिया चौंकाने वाला जवाब

ब एक भक्त ने पूछा कि जब भगवान शिव नशा करते हैं तो हम क्यों नहीं कर सकते, तब प्रेमानंद महाराज ने दिया ऐसा जवाब जिसे सुनकर हर कोई सोचने पर मजबूर हो गया प्रेमानंद महाराज जी के सत्संग के वीडियो आए दिन सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं और प्रतिदिन उनके फॉलोअर्स की संख्या में इजाफा हो रहा है। महाराज जी वर्तमान में वृंदावन स्थित केलीकुंज आश्रम में निवास करते हैं। देश के कोने-कोने से श्रद्धालु केवल एक झलक पाने और उनके सत्संग में भाग लेने के लिए वृंदावन स्थित केलीकुंज पहुंचते हैं। वह भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी के परम भक्त हैं और वे सत्संग के माध्यम से लोगों का मार्गदर्शन करते हैं। आपको बता दें कि प्रेमानंद महाराज के एकांत वातार्लाप में कई नामी हस्तियां भी शामिल हो चुकी हैं। इनमें क्रिकेटर विराट कोहली, अभिनेत्री अनुष्का शर्मा, अभिनेता आशुतोष राणा, लोकप्रिय सिंगर बी प्राक और फरर प्रमुख मोहन भागवत जैसे नाम शामिल हैं। भक्त उनके पास अपनी तमाम परेशानियों को लेकर आते हैं। हाल ही में एक सत्संग के दौरान, एक भक्त ने महाराज जी से भगवान शिव को लेकर सवाल किया। जिस पर प्रेमानंद जी महाराज ने ऐसा जवाब दिया कि सब लोग सोचने पर मजबूर हो गए। दरअसल, एक भक्त ने महाराज जी से पूछा कि ह्यजब भगवान शिव नशा करते हैं तो हम क्यों नहीं कर सकते?ह्वजिस पर प्रेमानंद महाराज ने ऐसा जवाब दे दिया, जिसे सुनकर आप दंग हो जाएंगे। तो आइए जानते हैं, इस पर उन्होंने क्या बोला प्रेमानंद महाराज जी का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक भक्त उनसे पूछ रहा है कि ह्यजब भगवान शिव स्वयं नशा करते हैं, भांग और धतूरा स्वीकार करते हैं, तो फिर हम क्यों नहीं कर सकते?ह्व भक्त के इस सवाल पर प्रेमानंद जी महाराज पहले मुस्कराए, लेकिन उनका उत्तर जितना सरल था, उतना ही गहरा भी। उन्होंने कहा कि ह्यभगवान शिव नशा करते हैं लेकिन वे विष भी पीते हैं, क्या तुम हलाहल पी सकते हो? महाराज जी ने आगे कहा कि झ ह्यशिव एक योगी हैं, संहारक हैं, वे सृष्टि के रचयिता भी हैं और विनाशकर्ता भी। उनके नशे का अर्थ संसार से वैराग्य है। वह नशा कोई शरीर को गिराने वाला नहीं, बल्कि आत्मा को जगाने वाला है।

## आज का राशिफल

**मेषः चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।**

**मेषः** जैसे ही आप हालात पर पकड़ बनाने की कोशिश शुरू करेंगे, आपकी घबराहट गायब हो जाएगी। जल्दी ही आप पाएंगे कि यह परेशानी साबुन के उस बुलबुले की तरह है, जो छूते ही फूट जाता है। जिन लोगों ने किसी रिश्तेदार से पैसा उधार लिया था उनको आज वो उधार किसी भी हालत में वापस करना पड़ सकता है। कुछ लोग जितना कर सकते हैं, उससे कई ज्यादा करने का वादा कर देते हैं। ऐसे लोगों को भूल जाएँ जो सिर्फ गाल बजाना जानते हैं और कोई परिणाम नहीं देते। प्रेम निःसीम होता है, सभी सीमाओं के परे; आपने ये बातें पहले भी सुनी होंगी।

**वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।**

**वृषभः** आपकी इच्छाओं और महत्वाकांक्षाओं पर डर का साया पड़ सकता है। इसका सामना करने के लिए आपको उपयुक्त सलाह की जरूरत है। आपकी गैर–यथार्थवादी योजनाएँ आपके धन को कम कर सकती हैं। अपने बच्चों के साथ एक दोस्ताना रिश्ता विकसित करें। पुरानी बातों को पीछे छोड़कर आगे आने वाले अच्छे वक़्त की ओर देखें। आपकी कोशिशें फलदायी रहेंगी। रोमांस रोमांचक होगा– इसलिए उससे संपर्क करें जिससे आप प्रेम करते हैं और दिन का भरपूर लुत्फ लें। आप जो भी करेंगे, बिल्कुल बेहतर ढंग से करेंगे।

**मिथुनः क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।**

**मिथुनः** आपका तेज काम आपको प्रेरित करेगा। सफलता हासिल करने के लिए समय के साथ अपने विचारों में बदलाव लाएँ। इससे आपका दृष्टिकोण व्यापक होगा, समझ का दायरा बढ़ेगा, व्यक्तित्व में निखार आएगा और दिमाग विकसित होगा। जीवन की गाड़ी को अच्छे से चलाना चाहते हैं तो आज आपको पैसे की आवाजाही पर विशेष ध्यान देना होगा। आपके माता–पिता की सेहत चिंता और घबराहट का कारण बन सकती है। जाहिर तौर पर रोमांस के लिए पर्याप्त मौके हैं– लेकिन ऐसा बहुत कम समय के लिए है।

**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।**

**कर्कः** भरे–पूरे और संतुष्ट जीवन के लिए अपनी मानसिक दृढ़ता में वृद्धि कीजिए। आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें इससे आपको धन लाभ हो सकता है। दूसरों को प्रभावित करने की आपकी क्षमता आपको कई सकारात्मक चीजें दिलाएगी। जो लोग प्रेम के संगीत में डूबे हुए हैं, वही इसकी स्वर–लहरियों का आनन्द ले सकते हैं। आज के दिन आप भी उस संगीत को सुन सकेंगे, जो दुनिया के बाकी सभी गीतों को भुलवा देगा। आप किसी बड़े व्यावसायिक लेन–देन को अंजाम दे सकते हैं और मनोरंजन से जुड़ी किसी परियोजना में कई लोगों का संयोजन कर सकते हैं।

**सिंहः मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।**

**सिंहः** आज के दिन आप बिना झंझट विश्राम कर सकेंगे। अपनी मांसपेशियों को आराम देने के लिए तैल से मालिश करें। दिन के दूसरे हिस्से में आर्थिक तौर पर फायदा होगा। आपको अपने घर के माहौल में कुछ सकारात्मक बदलाव करने पड़ेंगे। विवादित मुद्दों को उठाने से बचें, अगर आप आज ह्यडेटह्व पर जा रहे हैं तो। अपने लक्ष्यों का पीछा करने के लिए उम्दा दिन है। अपनी शारीरिक–ऊर्जा का स्तर ऊँचा बनाए रखें, ताकि आप जी–तोड़ मेहनत कर जल्द–से–जल्द उन्हें हासिल कर सकें। इस मामले में आप अपने दोस्तों की मदद भी ले सकते हैं।

**कन्याः टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।**

**कन्याः** आज का दिन ऐसे काम करने के लिए बेहतरीन है, जिन्हें कर–के आप खुद के बारे में अच्छा महसूस करते हैं। निवेश करना कई बार आपके लिए बहुत फायदेमंद साबित होता है आज आपको यह बात समझ में आ सकती है क्योंकि किसी पुराने निवेश से आज आपको मुनाफा हो सकता है। नाती–पोतों से आज काफी खुशी मिल सकती है। शाम को प्रिय के साथ रोमांटिक मुलाकात और साथ में कहीं लजीज खाना खाने के लिहाज से बढ़िया दिन है। आज फायदा हो सकता है, बशर्ते आप अपनी बात भली–भांति रखें और काम में लगन व उत्साह दिखाएँ।

**तुलाः रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।**

**तुलाः** आपको अपना अतिरिक्त समय अपने शौक पूरे करने या उन कामों को करने में लगाना चाहिए, जिन्हें करने में आपको सबसे ज्यादा मजा आता है। निवेश करना कई बार आपके लिए बहुत फायदेमंद साबित होता है आज आपको यह बात समझ में आ सकती है क्योंकि किसी पुराने निवेश से आज आपको मुनाफा हो सकता है। अपने जीवन–साथी के साथ प्यार, अपनापन और स्नेह महसूस करें। पुरानी यादों को जेहन में जिंदा कर दोस्ती को फिर से तरोताजा करने का वक़्त है। करिअर के नजरिए से शुरू किया सफर कारगर रहेगा।

**वृश्चिकः तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।**

**वृश्चिकः** आपका उदार स्वभाव आज आपके लिए कई खुशनुमा पल लेकर आएगा। यह बात भली भांति समझ लें कि दुख की घड़ी में आपका संचित धन ही आपके काम आएगा इसलिए आज के दिन अपने धन का संचय करने का विचार बनाएं। दोस्त शाम के लिए कोई बढ़िया योजना बनाकर आपका दिन खुशनुमा कर देंगे। अपने रोमांटिक खयालों को हर किसी को बताने से बचें। जो लोग प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें दिमाग शांत रखने की जरूरत है। परीक्षा की घबराहट को हावी न होने दें। आपका प्रयास सकारात्मक परिणाम जरूर देगा।

**धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।**

**धनुः** घर पर काम करते समय खास सावधानी बरतें। घरेलू चीजों को लापरवाही से इस्तेमाल करना आपके लिए परेशानी का सबब बन सकता है। अपने अतिरिक्त धन को सुरक्षित जगह पर रखिए, जो आने वाले वक़्त में आप फिर पा सकें। बच्चे खेल–कूद और दूसरी बाहरी गतिविधियों पर ज्यादा वक़्त खर्च करेंगे। थोड़ी कोशिश और करें। आज भाग्य आपका साथ जरूर देगा, क्योंकि यह आपका दिन है। नए विचार फायदेमंद साबित होंगे। अपनी बातचीत में मौलिकता रखें, क्योंकि किसी भी तरह का बनावटीपन आपको फायदा नहीं पहुँचाएगा।

**मकरः भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।**

**मकरः** ज्यादा यात्रा करना झुंझलाहट पैदा कर सकता है। ग्रह नक्षत्रों की चाल आपके लिए आज अच्छी नहीं है, आज के दिन आपको अपने धन को बहुत सुरक्षित रखना चाहिए। दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ मौज–मस्ती करें। हर बात पर प्यार का दिखावा करना ठीक नहीं है इससे आपका रिश्ता सुधरने की जगह बिगड़ सकता है। साझीदारी की परियोजनाएँ सकारात्मक परिणाम से ज्यादा परेशानियाँ देंगी। कोई आपका बेजा फायदा उठा सकता है और उसे ऐसा करने देने के लिए आप खुद से ही नाराज हो सकते हैं।


**कुंभः गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।**

**कुंभः** दोस्तों का रुख सहयोगी रहेगा और वे आपको खुश रखेंगे। भविष्य में अगर आपको आर्थिक रुप से मजबूत बनना है तो आज से ही धन की बचत करें। पुराने दोस्त मददगार और सहयोगी साबित होंगे। जो भी बोलें, सोच–समझकर बोलें। क्योंकि कड़वे शब्द शांति को नष्ट करके आपके और आपके प्रिय के बीच दरार पैदा कर सकते हैं। आपका दिमाग काम–काज की उलझनों में फँसा रहेगा, जिसके चलते आप परिवार और दोस्तों के लिए समय नहीं निकाल पाएंगे। अपने काम से आराम लेकर आज आप कुछ समय अपने जीवनसाथी के साथ बिता सकते हैं।

**मीनः दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।**

**मीनः** दोस्तों के साथ शाम सुखद रहेगी लेकिन ज्यादा खाने और मदिरापान से बचें। अगर आप यात्रा पर जाने वाले हैं तो अपने कीमती सामान का ध्यान रखें उसके चोरी होने की संभावना है। खासकर अपने पर्स को आज बहुत संभालकर रखें। अपने स्वभाव को अस्थिर न होने दें– खासतौर पर अपनी पत्नी/पति के साथ– नहीं तो यह घर की शांति पर असर डाल सकता है। किसी की प्यार में कामयाबी मिलने की कल्पना को सच कराने में मदद करें। आप महसूस करेंगे कि आपकी रचनात्मकता कहीं खो गयी है ।

# रामायण के भगवान राम बनने के लिए रणबीर कपूर रोजाना 3-4 घंटे बहाते हैं पसीने



फिल्म 'एनिमल' में खून से लथपथ गैंगस्टर से भगवान राम के शांत, दिव्य रूप में ढलना कोई आसान काम नहीं. लेकिन रणबीर कपूर ने ये कारनामा करके दिखाया है. नितेश तिवारी की 4000 करोड़ी रामायण में भगवान राम बनने के लिए रणबीर ने काफी मेहनत की है. अपनी फिजिक से लेकर अपनी भाषा तक पर एक्टर ने काफी काम किया है. रणबीर की लगन देख उनकी को-स्टार इंदिरा कृष्णन वाकई दंग रह गईं हैं. नितेश तिवारी की पौराणिक महाकाव्य के सेट पर उनके साथ दोबारा जुड़कर इंदिरा कहती हैं कि उन्होंने रणबीर का एक बिल्कुल अलग पक्ष देखा, न केवल शारीरिक बदलावों में बल्कि उनके व्यवहार में भी. उन्होंने रणबीर को कड़ी फिजिकल ट्रेनिंग करते देखा, जिसमें भगवान राम की मज़बूत और दिव्य छवि के अनुरूप कंधों की मज़बूती बनाने पर ज़ोर दिया गया था.इंदिरा कृष्णन ने कहा, रणबीर ने न सिर्फ़ अपनी शारीरिक बनावट पर, बल्कि अपनी आंखों पर भी काम किया है. जैसे भगवान राम के कंधे मज़बूत माने जाते हैं क्योंकि वे धनुष-बाण धारण करते हैं, वैसे ही रणबीर ने अपने कंधों और अपने शरीर पर काम किया है. वह 3-4 घंटे कसरत करते थे और सेट पर हमेशा समय के पाबंद रहते थे. पैक-अप के बाद भी, वह फिर से कसरत में लग जाते थे. उनका समर्पण 200 प्रतिशत था. इंदिरा कृष्णन ने बताया कि एक सीन के दौरान दोनों किरदारों के बीच का अंतर साफ़ दिखाई दिया. उन्होंने कहा, मुझे याद है पहला दिन, हम चंदन की रस्म की शूटिंग कर रहे थे और जिस तरह से वह बैठे थे, वह बिल्कुल वैसे ही बैठे जैसे कोई कल्पना करता है कि भगवान राम बैठे होंगे. उन्होंने अपने शरीर के ऊपरी हिस्से, अपने चेहरे, अपनी आंखों को कैसे रखा, यह आसान नहीं है. क्योंकि उनका ऊपरी शरीर बिना कपड़ों के था, क्योंकि उस सीन में भगवान राम सिर्फ़ धोती पहने हुए थे. जिस तरह का सहजता का स्तर उन्होंने दिखायाज और मुझे लगता है कि यही रामायण का प्लस पॉइंट है. आप एनिमल में यह अंतर देख सकते हैं।



# राजा रघुवंशी पर बनेगी फिल्म स्क्रिप्ट तैयार, बस क्लाइमेक्स में होगा ये बदलाव


राजा रघुवंशी मर्डर केस से तो हर कोई वाकिफ है. राजा के गुनाहगार कुछ जेल में हैं तो कुछ को जमानत मिल गई है. राजा का परिवार इंसाफ का इंतजार कर रहा है. इस बीच राजा के बड़े भाई विपिन ने बताया कि वो इस हत्याकांड पर एक फिल्म भी बनने जा रही है. यह फिल्म राजा की जिंदगी पर आधारित होगी. फिल्म का नाम 'हनीमून इन शिलॉन्ग' होगा. इसके डायरेक्टर एसपी निम्बावत हैं. फिल्म की स्क्रिप्ट पूरी लिख ली गई है. मगर क्लाइमेक्स में जरा सा बदलाव है. फिल्म डायरेक्टर और राजा के भाई विपिन रघुवंशषी के बीच हुई बैठक के बाद कहानी भी फाइनल हो गई है. राजा की हत्या शिलॉन्ग में 23 मई को हुई थी. इसे राजा की पत्नी सोनम रघुवंशी ने अपने बॉयफ्रेंड और अन्य के साथ मिलकर अंजाम दिया था. सोनम और राज फिलहाल जेल में बंद हैं. इस केस की जांच अभी जारी है. पुलिस को अब तक यह नहीं पता चल पाया है कि सोनम रघुवंशी के राजा को मारने के पीछे की असल वजह क्या थी. हत्यारोपियों की गिरफ्तारी को लगभग दो महीने को होने को हैं. राजा और सोनम के परिवार के बीच दूरियां भी बढ़ गई हैं. इस बीच आज राजा के मर्डर पर बनने वाली फिल्म ने इस केस में एक और नई अपडेट जोड़ दी है. 'हनीमून इन शिलांग' नामक इस फिल्म की घोषणा खुद राजा रघुवंशी के भाइयों ने की, जिसके लिए उन्होंने अपने ही निवास पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की. राजा रघुवंशी की रहस्यमयी हत्या के मामले में जहां न्यायालय में सुनवाई अभी चल रही है, उस बीच फिल्म की घोषणा से सवाल भी उठ सकते हैं. 'हनीमून इन शिलॉन्ग' फिल्म के डायरेक्टर एसपी निम्बावत बताया कि हम इसका क्लाइमेक्स भी अलग ढंग से सोच रहे हैं. राजा को मारने के बाद आरोपियों की रिमांड और पुलिस की और से दी जाने वालीं यातनाएं भी हम दिखाएंगे. डायरेक्टर ने कहा- मैं परिवार के हिम्मत की दाद देता हूं कि उन्होंने फिल्म बनाने के लिए हां कह दी. फिल्म के निर्देशक ने आगे कहा कि हम राजा के साथ हुए विश्वासघात को बड़े पर्दे पर दिखाएंगे जिससे समाज में ऐसी घटनाएं न हों और लोगों को सीख मिले. इस फिल्म की स्किप्ट रेडी है और कास्टिंग वाले सवाल पर डायरेक्टर ने बताया कि 80 फीसदी शूटिंग इंदौर में होगी।

# साल की खुशी और एकता : 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'

भारतीय टेलीविजन का सबसे लंबे समय तक चलने वाला और सोनी सब का सबसे प्रिय पारिवारिक मनोरंजन शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' एक असाधारण उपलब्धि का जश्न मना रहा है—17 वर्ष और 4,460 से अधिक एपिसोड्स—हंसी, एकता और आशा फैलाते हुए। नील फिल्म प्रोडक्शन्स के बैनर तले असित कुमार मोदी द्वारा परिकल्पित और निर्मित यह शो 2008 में लॉन्च हुआ था और तब से यह पीढ़ियों के बीच एक जाना-पहचाना नाम बन गया है।

'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की निरंतर सफलता इसके शानदार कलाकारों, समर्पित टीम, प्रतिभाशाली लेखकों और दूरदर्शी प्रोडक्शन टीम के सामूहिक प्रयासों का प्रमाण है। पर्दे पर और पर्दे के पीछे, हर विभाग ने गोकुलधाम सोसाइटी को भारतीय घरों का अभिन्न हिस्सा बनाने में योगदान दिया है।गोकुलधाम सोसाइटी की पृष्ठभूमि में स्थापित यह शो भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों में रचा-बसा है, जो रोजमर्रा के जीवन की झलकियों को हल्के-फुल्के हास्य, सामुदायिक भावना और सार्थक कहानी कहने के अंदाज में प्रस्तुत करता है, जो सोनी सब की पहचान बन चुका है। इसकी लंबी आयु की असली ताकत इसके चरित्र हैं—जो दर्शकों के साथ-साथ विकसित हुए हैं और भारतीय परिवारों का हिस्सा बन चुके हैं।

चाहे वह किसी हल्की-फुल्की गलतफहमी की बात हो या ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसे सामाजिक मुद्दों की, यह शो हमेशा अपनी सादगी और आशावाद के अंदाज में कहानी कहता है। टप्पू सेना की मासूमियत से लेकर गोकुलधाम के रंग-बिरंगे किरदारों—जेठालाल, भिड़े, पोपटलाल, बबिता, डॉ. हाथी, सोढ़ी, तारक मेहता और अन्य—की विशेषताओं तक, हर एक ने इस शो की कहानी में अहम भूमिका निभाई है।सोनी सब पर हम 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के 17 वर्षों का जश्न मनाते हुए बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं—एक ऐसा शो जो समय की कसौटी पर खरा उतरा है और पूरे देश में करोड़ों चेहरों पर मुस्कान लाता रहा है। यह उपलब्धि किसी साधारण बात का प्रतीक नहीं है, बल्कि शो की कहानी, इसके प्यारे पात्रों और इसके मूल्यों की गवाही है। हम असित कुमार मोदी और पूरी टीम के आभारी हैं, जिन्होंने साल-दर-साल शो में अपना दिल लगाया है। जहां बाकी शोज ड्रामे से भरे हैं, वहीं 'तारक मेहता' आज भी उम्मीद, हंसी और सकारात्मकता की मिसाल है—जो दर्शकों को साल दर साल जोड़े रखती है।卐सत्रह साल पहले हमने एक ऐसा शो बनाने का सपना देखा था, जो लोगों को मुस्कराने पर मजबूर करे, परिवारों को एक साथ लाए, और भारत की असली आत्मा को दर्शाए। आज 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सिर्फ एक शो नहीं, बल्कि एक भावना बन चुका है। गोकुलधाम सोसाइटी लोगों के जीवन का हिस्सा बन गई है।





# क्लैश नहीं, क्लास दिखा रहीं मृणाल ठाकुर और त्रिप्ति डिमरी



*अजय देवगन और मृणाल ठाकुर अभिनीत सन ऑफ सरदार 2 और सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी अभिनीत धड़क 2, 1 अगस्त 2025 को बॉक्स ऑफिस पर टकराने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मंगलवार, 29 जुलाई 2025 को, मृणाल ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर तृप्ति और धड़क 2 की टीम को शुभकामनाएं दीं। मृणाल को जवाब देते हुए, तृप्ति ने भी उन्हें इंस्टाग्राम पर शुभकामनाएं दीं।मृणाल ने धड़क 2 का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, यह रिलीज़ का हफ्ता है और उत्साह असली है!! #TeamSOSw और #TeamDhadakw के लिए यह एक अविश्वसनीय क्षण है, बस 4 दिन बाकी हैं और मैं इसे रोक नहीं पा रही हूँ! सिद्धांत चतुर्वेदी, तृप्ति डिमरी और पूरी धड़क 2 टीम को ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएँ। ये रही 2 खूबसूरत रिलीज़ और हमें मिलने वाला ढेर सारा प्यार।*

मृणाल ठाकुर की फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'धड़क 2' जल्द ही बड़े पर्दे पर टकराने वाली हैं। ये दोनों फिल्में एक ही दिन थिएटर में रिलीज होंगी। इस टकराव से पहले मृणाल ठाकुर ने तृप्ति डिमरी की फिल्म को लेकर एक पोस्ट साझा की है। मृणाल ने अपनी पोस्ट में क्या लिखा है? जानिए। मृणाल ठाकुर ने मंगलवार को अपनी इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में एक पोस्ट शेयर की। इसमें वह तृप्ति डिमरी की फिल्म 'धड़क 2' के लिए लिखती हैं, ' टीम सन ऑफ सरदार 2 और टीम धड़क 2 के लिए एक खास पल है। बस चार दिन बाकी हैं। सिद्धांत चतुर्वेदी, तृप्ति डिमरी और पूरी धड़क 2 टीम को बहुत सारी विशेज। जल्द ही ये दो प्यारी फिल्में रिलीज होंगी और हमें खूब सारा प्यार मिलेगा।' मृणाल ठाकुर की पोस्ट पर तृप्ति डिमरी ने भी रिएक्ट किया है। मृणाल की पोस्ट को री-पोस्ट किया है। वह लिखती हैं, 'आपकी फिल्म और टीम को भी बधाई। हम दोनों की फिल्मों को वो प्यार मिले, जिसकी वो हकदार है।'

फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' और 'धड़क 2' 1 अगस्त को रिलीज होंगी। मृणाल की फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' में दर्शकों को कॉमेडी देखने को मिलेगी। वहीं तृप्ति डिमरी की फिल्म 'धड़क 2' में एक इंटेंस लव स्टोरी दिखाई जाएगी।






# मजबूत महिला किरदार निभाना पसंद है : परिणीता बोरठाकुर



अभिनेत्री परिणीता बोरठाकुर जल्द ही जी टीवी के लोकप्रिय शो वसुधा में खास किरदार में नजर आएंगी। नई और प्रभावशाली भूमिका निभाने के लिए तैयार अभिनेत्री ने बताया कि शो में उनके किरदार का नाम चंद्रिका सिंह चौहान है, जो एक परिवार मुखिया का सशक्त और दमदार किरदार है। परिणीता ने बताया कि किसी चल रहे शो में बीच में किसी किरदार को निभाना अपने आप में कई चुनौतियां लेकर आता है, लेकिन वह इसे एक बड़े अवसर के रूप में देखती हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि उन्हें मजबूत महिला किरदारों वाली कहानियां पसंद हैं। परिणीता ने अपने किरदार के बारे में बताया, वासुधा जैसे शो का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत रोमांचक है। यह शो पहले से ही दर्शकों के बीच लोकप्रिय है और हाल ही में टीवी इंडस्ट्री के टॉप 10 शोज में शामिल हुआ है। बीच में किसी किरदार को अपनाना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन मैं इसे एक अवसर के रूप में देखती हूं, जिसके जरिए मैं एक ऐसी कहानी का हिस्सा बन सकती हूं, जो पहले से ही लाखों लोगों के दिलों को छू चुकी है।

उन्होंने आगे कहा, मुझे हमेशा से गहरी भावनाओं और मजबूत महिला किरदारों वाली कहानियां पसंद रही हैं। चंद्रिका के किरदार के बारे में जानते ही मुझे उससे तुरंत जुड़ाव महसूस हुआ। वह एक ऐसी महिला है जो शांत, दमदार और दृढ़ विश्वास के साथ परिवार का नेतृत्व करती है। मैं इस किरदार में अपनी शैली लाने की कोशिश करूंगी, साथ ही उस मूल भावना को बनाए रखूंगी, जिसे दर्शकों ने पसंद किया है।वसुधा की कहानी में करिश्मा और मेघा की साजिशों के बीच चंद्रिका एक स्थिर और मजबूत किरदार के रूप में उभरती है, जो अनुशासन और गरिमा के साथ परिवार को संभालती है। परिणीता ने कहा, चंद्रिका का किरदार भावनात्मक मुश्किलों और सिद्धांतों से भरा है। इसे निभाना मेरे करियर का सबसे रचनात्मक अनुभव रहा है। मैं उम्मीद करती हूं कि दर्शक मेरे इस किरदार को अपनाएंगे।पहले इस किरदार को नौशीन अली सरदार ने निभाया था। निर्माता अरविंद बब्बल ने बताया, नौशीन ने चंद्रिका के किरदार को बहुत खूबसूरती और गरिमा के साथ निभाया। हम उनके योगदान के लिए आभारी हैं।

दैनिक भेल पॉवर

भोपाल, शुक्रवार 1 अगस्त 2025



## तीन दिन पहले पिता बने सीआरपीएफ जवान की हत्या, कांवड़ यात्रा के दौरान हुए झगड़े के कारण गई जान



**सोनीपत , एजेंसी।** हरियाणा के सोनीपत जिले में तीन हमलावरों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक 30 वर्षीय जवान की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस को संदेह है कि पिछले हफ्ते पीड़ित का कांवड़ियों से झगड़ा हुआ था। पुलिस ने बताया कि घटना उस समय हुई जब कृष्ण नाम का जवान घर लौट रहा था। पुलिस को शक है कि कांवड़ यात्रा के दौरान सीआरपीएफ जवान से झगड़ा करने वाले युवकों की इसमें संलिप्तता है।

**सीआरपीएफ जवान की गोली मारकर हत्या :** पुलिस ने बताया कि यह घटना तब हुई जब छत्तीसगढ़ में तैनात कुमार खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला मेडिकल कॉलेज से घर लौटे थे, जहाँ उनकी पत्नी ने 25 जुलाई को एक लड़के को जन्म दिया था। पुलिस ने बताया कि मृतक कृष्ण कुमार,गोहाना के खेड़ी दमकन गाँव निवासी के रूप में हुई है। कुमार छत्तीसगढ़ में तैनात थे, लगभग एक महीने पहले छुट्टी पर घर आए थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो बच्चे हैं, जिनमें से एक का जन्म तीन दिन पहले हुआ था। उनकी पत्नी अभी भी अस्पताल में हैं।

**सीआरपीएफ जवान को किसने मारा :** गोहाना के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्रीकांत ने कहा, कृष्ण 22 जुलाई को कांवड़ यात्रा के लिए हरिद्वार गए थे। उस यात्रा के दौरान, उनकी अपने गाँव के कुछ लोगों से तीखी बहस और मारपीट हुई थी। रविवार देर रात गाँव के कुछ लोगों ने सोमवार रात लगभग 1 बजे कृष्ण को घर से बाहर बुलाया। जैसे ही वह घर से बाहर निकले, उन्हें गोली मार दी गई। श्रीकांत ने आगे कहा, गोलियों की आवाज सुनकर, कृष्ण के परिवार के सदस्य उनकी ओर दौड़े, जहाँ वह खून से लथपथ ज़मीन पर पड़े थे। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**गांव के तीन लोगों पर एफआईआर दर्ज :** जाँच अधिकारियों ने बताया कि कुमार के परिवार ने उसी गाँव के तीन लोगों - अजय, आनंद और निशांत - के नाम दर्ज कराए हैं, जिन पर उन्हें अपने बेटे की हत्या का शक है। जाँच कर रहे एक पुलिस अधिकारी ने कहा, एफआईआर दर्ज कर ली गई है और अभी तक फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए कई टीमें गठित की गई हैं।

तीन दिन पहले ही पिता बना था सीआरपीएफ जवान

पुलिस ने बताया कि उन्होंने चार टीमें गठित की हैं और हमलावरों की पहचान कर उन्हें पकड़ने के लिए मामले की जाँच कर रही हैं। कुमार के परिवार वालों ने पुलिस को बताया कि बच्चे को जन्म देने के बाद उनकी पत्नी अस्पताल में थीं और उन्होंने पूरा रविवार उनके साथ बिताया। वह देर रात आराम करने के लिए घर लौटे थे। उन्होंने बताया कि कुमार लगभग 11 साल पहले भर्ती हुए थे और उनकी शादी लगभग सात साल पहले हुई थी। उनका बड़ा बेटा छह साल का है, जबकि छोटे बेटे का जन्म तीन दिन पहले हुआ था। वह एक महीने की छुट्टी लेकर 16 जुलाई को घर पहुँचे थे।

## असम और बंगाल की बदलती आबादी टाइम बम की तरह, अंदर से ही टूटते हैं देश: गवर्नर

**गांधीनगर, एजेंसी।** तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने असम और पश्चिम बंगाल समेत देश के कुछ हिस्सों की



जनसंख्या में तेजी से बदलाव को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि असम, पश्चिम समेत कुछ हिस्सों में आबादी का बदलाव टाइम बम की तरह है। उन्होंने कहा कि इसका समाधान तलाशना होगा। वहीं महाराष्ट्र, तमिलनाडु जैसे राज्यों में भाषा को लेकर छिड़े विवाद के बीच गवर्नर ने कहा कि भारत की यह संस्कृति नहीं है कि भाषा के नाम पर लड़ाई हो। उन्होंने कहा कि किसी को भी किसी पर भाषा को थोपना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि इस देश ने हमेशा बाहरी हमलों को झेला है, लेकिन जब हम अंदर की बात करते हैं तो देखना चाहिए कि इतिहास में क्या हुआ। गवर्नर रवि ने कहा, 1947 में देश का विभाजन हुआ था। यह चीज आंतरिक अशांति के कारण हुआ था। एक विचारधारा को मानने वाले लोगों ने कह दिया कि हम दूसरे लोगों के साथ नहीं रह सकते। इस तरह विचारधारा के विवाद ने देश बंटवा दिया। गुजरात के गांधीनगर में राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी के छात्रों और फैकल्टी मेंबर्स को संबोधित करते हुए आर.एन. रवि ने यह बात कही। उन्होंने कहा,क्या किसी को पिछले 30-40 सालों में असम, पश्चिम बंगाल और पूर्वांचल (उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ हिस्से) में जनसंख्या में हुए बदलावों की चिंता है? क्या आज कोई यह अंदाजा लगा सकता है कि आने वाले 50 सालों में इन इलाकों में देश के बंटवारे का काम नहीं होगा?' पूर्व आईपीएस अधिकारी ने कहा, 'हमें कुछ इलाकों में बढ़ती संवेदनशील जनसांख्यिकी और उसके भविष्य पर एक अध्ययन करना चाहिए। यह समस्या एक टाइम बम की तरह है। हमें यह सोचना होगा कि भविष्य में हम इस समस्या से कैसे निपटेंगे। आज से ही इसका समाधान ढूंढना शुरू कर देना चाहिए।' उनके अनुसार किसी देश की सैन्य शक्ति आंतरिक अशांति से निपटने के लिए पर्याप्त नहीं होती। रवि ने तर्क दिया।

## पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों पर अमरनाथ यात्रा स्थगित, भारी बारिश बनी वजह

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश के कारण अमरनाथ यात्रा को दोनों प्रमुख मार्गों- पहलगाम और बालटाल पर अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रशासन के अनुसार, लगातार बारिश से मार्गों पर खतरा बढ़ गया है, जिसके चलते यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक बारिश की चेतावनी जारी की है। अधिकारियों ने बताया कि स्थिति की समीक्षा के बाद ही यात्रा दोबारा शुरू की जाएगी। यात्रियों से अपील की गई है कि वे मौसम संबंधी अपडेट्स के लिए प्रशासन के संपर्क में रहें और यात्रा शुरू करने से पहले आधिकारिक सूचना की प्रतीक्षा करें। यह निर्णय श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है। अमरनाथ यात्रा हर साल लाखों भक्तों को पवित्र अमरनाथ गुफा तक ले जाती है, जहां बाबा बर्फानी के दर्शन होते हैं। घाटी से तीन जुलाई को शुरू हुई 38 दिवसीय तीर्थयात्रा के दौरान अब तक 3.86 लाख से अधिक तीर्थयात्री भगवान शिव के बर्फ से बने शिवलिंग के दर्शन कर चुके हैं। पिछले वर्ष 5.10 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना की थी जहां प्राकृतिक रूप से निर्मित बर्फ का शिवलिंग स्थित है।

## हरियाणा में 2779 लोगों की हैं दो या दो से ज्यादा पत्नियां, नूंह में सबसे ज्यादा

**नूंह , एजेंसी।** हाल ही में हिमाचल प्रदेश में दो भाइयों की एक ही लड़की से शादी की खबर काफी चर्चित रही थी। यह शादी हाटी समुदाय की एक परंपरा के अनुसार हुई थी। वहीं, हरियाणा में परिवार पहचान पत्र के डाटा में ऐसे ही दिलचस्प मामले सामने आए हैं। हरियाणा में 2779 ऐसे व्यक्ति हैं, जिनकी एकल परिवार में दो या दो से अधिक पत्नियां दर्ज हैं। चौंकिये मत, हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी परिवार पहचान पत्र योजना में यह खुलासा हुआ है। परिवार पहचान पत्र के डाटा विश्लेषण में पता चला कि इन लोगों ने अपनी फैमिली आईडी में पत्नियों के साथ-साथ उनके बच्चों की भी जानकारी दी है। 2761 व्यक्तियों की दो पत्नियां, 15 लोगों की तीन, जबकि तीन व्यक्तियों की तीन से अधिक पत्नियां दर्ज हैं। यह विवरण लोगों द्वारा स्वयं दर्ज किया गया है, इसलिए इसे सही माना जा रहा है।

यह हैं जिलेवार आंकड़े

जिलेवार आंकड़ों के मुताबिक नूंह में 353 लोगों की एकल परिवार में दो पत्नियां हैं। अंबाला में 87, भिवानी में 69, चरखी दादरी में 30, फरीदाबाद में 267, फतेहाबाद में 104, गुरुग्राम में 157, हिसार में 152, झज्जर में 72, जींद में 146, कैथल में 92, करनाल 171, कुरुक्षेत्र में 96, महेंद्रगढ़ में 81, पलवल में 178, पंचकूला में 44, पानीपत में 129, रेवाड़ी में 80, रोहतक में 78, सिरसा में 130, सोनीपत में 134, यमुनानगर में 111 व्यक्तियों की दो पत्नियां हैं।

इसके अलावा भिवानी में दो, फरीदाबाद में दो, हिसार में एक, झज्जर में एक, जींद में एक, करनाल में दो, कुरुक्षेत्र में एक, नूंह में एक, पलवल में एक, रेवाड़ी में एक, सोनीपत में दो लोगों की तीन पत्नियां दर्शाई गई हैं।



तीन पत्नियों वाले मामलों में फरीदाबाद, भिवानी, करनाल और झज्जर जैसे जिलों के नाम शामिल हैं। परिवार पहचान प्राधिकरण के स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. सतीश खोला ने कहा कि फैमिली आईडी एक धर्मनिरपेक्ष पहचान प्रणाली है। इसमें धर्म का कोई कॉलम नहीं है लेकिन सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए व्यक्ति की जाति का उल्लेख अनिवार्य है और उसका सत्यापन भी होता है। उन्होंने कहा कि पत्नियों और बच्चों की जानकारी के सत्यापन की कोई प्रणाली नहीं है, इसलिए यह जानकारी व्यक्तियों द्वारा दी गई स्व-घोषित जानकारी पर आधारित है। पूरे परिवार की जानकारी देना मजबूरी, वरना सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं हरियाणा सरकार ने राज्य की सभी कल्याणकारी योजनाओं को फैमिली आईडी से जोड़ दिया है।

इसके तहत हर व्यक्ति को अपने परिवार पत्नी, बच्चों की पूरी जानकारी दर्ज करनी होती है। फैमिली आईडी के बिना किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल सकता। हालांकि, प्राधिकरण के अनुसार किसी व्यक्ति की पत्नी या बच्चों का औपचारिक सत्यापन नहीं किया जाता, केवल जाति और आय का सत्यापन होता है। बिना फैमिली आईडी के कोई भी व्यक्ति अब किसी सरकारी योजना का लाभ नहीं ले सकता। यही कारण है कि लोग इसमें अपने पूरे परिवार, पत्नी और बच्चों की जानकारी देने को मजबूर हैं।

## तेलंगाना में 14 मुस्लिम जातियों को आरक्षण देने की तैयारी में सरकार, 3 लाख परिवार को फायदा

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार 14 मुस्लिम जातियों को पिछड़ा वर्ग (बीसी) के तहत आरक्षण की सुविधा देने की तैयारी कर रही है। इन जातियों में करीब 3 लाख परिवार शामिल हैं, जो लंबे समय से सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक पिछड़ेपन का सामना कर रहे हैं। अब तक इन मुस्लिम समूहों को बीसी (ई) श्रेणी के अंतर्गत 4 प्रतिशत आरक्षण दिया गया था, लेकिन कानूनी विवादों और धार्मिक आधार पर आरक्षण को लेकर उठे सवालों के कारण यह नीति प्रभावी ढंग से लागू नहीं हो पाई। सरकार का मानना है कि इन जातियों को धर्म नहीं, बल्कि पिछड़ेपन के आधार पर लाभ दिया जाना चाहिए। सरकार द्वारा कराए गए सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, रोजगार और राजनीतिक जाति सर्वे की रिपोर्ट फरवरी 2025 में सार्वजनिक हुई थी। इसमें सामने आया कि राज्य की कुल 12.58 प्रतिशत मुस्लिम आबादी में से 10.08 प्रतिशत पिछड़े मुसलमान हैं और सिर्फ 2.5 प्रतिशत मुसलमान अन्य वर्ग



में आते हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि हैदराबाद के पुराने शहर में कई मुस्लिम महिलाओं ने गणनाकर्ताओं से बातचीत नहीं की, जिससे मुस्लिम आबादी में 1-2 प्रतिशत की संभावित कमी आंकी गई है। आरक्षण बढ़ाकर 42 प्रतिशत किया गया एसईईपीसी सर्वे के आधार पर तेलंगाना विधानसभा ने मार्च में एक विधेयक पारित कर पिछड़ा वर्ग आरक्षण को 27प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत कर दिया। यह वृद्धि शिक्षा, सरकारी नौकरियों और स्थानीय निकाय चुनावों में लागू होगी। यह विधेयक अब राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजा गया है। शिया परिवारों को नहीं मिल रहे लाभ राज्य सरकार के सलाहकार और वरिष्ठ नेता मो. अली शब्बीर के अनुसार, करीब 3 लाख शिया परिवार न सिर्फ आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े हैं, बल्कि उन्हें किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल रहा। उन्होंने बताया कि सर्वे के अनुसार, मुस्लिम समुदाय के 10.08 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे हैं और सहायता के पात्र हैं। उन्होंने बताया, सैयद, मुगल, पठान, अरब, कोज्जा मेमन, आगा खानी और बोहरा जैसे मुस्लिम समूह पेशे पर आधारित जातियां हैं, जैसे अन्य पिछड़ी वर्ग की जातियां होती हैं। यह धर्म आधारित आरक्षण नहीं, बल्कि सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन पर आधारित प्रस्ताव है। भाजपा की आपत्ति पर सरकार का जवाब भाजपा द्वारा इस प्रस्ताव पर धर्म आधारित आरक्षण का आरोप लगाए जाने पर मो. अली शब्बीर ने कहा, जब भी मुस्लिम आरक्षण की बात हुई, सरकारों से पूछा गया डेटा कहां है? अब हमारे पास सर्वे के माध्यम से ठोस आंकड़े हैं।

## पार्टी लाइन के नाम पर भेदभाव नहीं करते नितिन गडकरी, सम्मानित कर शरद पवार ने की तारीफ

**पुणे, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को मंगलवार को चिंतामनराव देशमुख राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान एनसीपी-एसपी के प्रमुख शरद पवार ने दिया और उनकी जमकर तारीफ की। दोनों ही नेताओं की अलग-अलग विचारधारा है और दशकों से एक-दूसरे के मुकाबले राजनीति करते रहे हैं। इसके बाद भी मंच पर दोनों की जुगलबंदी देखते ही बनी। शरद पवार ने नितिन गडकरी की तारीफ की तो वहीं केंद्रीय मंत्री ने भी उनका आभार जताया है। महाराष्ट्र की राजनीति में शरद पवार का बड़ा कद रहा है। वह अकसर सरकार से लेकर विपक्ष तक का रुख तय करते रहे हैं और हमेशा केंद्रीय भूमिका में रहे हैं।

उन्होंने पुणे स्थित गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'सरहद' द्वारा स्थापित यह पुरस्कार गडकरी को प्रदान किया और देश भर में राजमार्गों का नेटवर्क विकसित करने के लिए केंद्रीय मंत्री की प्रशंसा की। पवार ने गडकरी की बेबाकी और कठिन परियोजनाओं को लागू करने की उनकी क्षमता की प्रशंसा की। उन्होंने पार्टी लाइन से परे सांसदों के बीच मंत्री की लोकप्रियता पर भी प्रकाश डाला। पवार ने कहा कि बड़ी संख्या में सांसदों ने देश में परियोजनाओं को क्रियान्वित करने और सड़कों का जाल विकसित करने की गडकरी की क्षमताओं पर गहरा विश्वास व्यक्त किया है।



एनसीपी-एसपी के नेता ने कहा कि सांसदों के बीच गडकरी की लोकप्रियता इस बात से पैदा हुई है कि वह पार्टी लाइन के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं करते हैं। वास्तव में मानते हैं कि अच्छी सड़कें किसी भी देश की समृद्धि के लिए एक शर्त हैं। महाराष्ट्र के रहने वाले देशमुख 1943 में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर नियुक्त होने वाले पहले भारतीय थे और उन्होंने 1950 से 1956 तक वित्त मंत्री के रूप में भी कार्य किया। बता दें कि नितिन गडकरी की इस बात के लिए विपक्षी दल तारीफ करते रहे हैं कि वह किसी भी परियोजना के लिए इनकार नहीं करते। इसके अलावा विपक्षी सांसद भी यदि कोई काम लेकर जाता है तो प्राथमिकता के आधार पर उसे पूरा कराते हैं।

## ऑनलाइन आतंक, पाकिस्तान तक लिंक; गुजरात एटीएस के हत्थे चढ़ी झारखंड की शमा प्रवीण

**बेंगलुरु/गांधीनगर, एजेंसी।** गुजरात एटीएस ने 30 साल की एक लड़की को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया है, जिस पर आरोप है कि वह आतंकी संगठन अल-कायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट' (एक्यूआईएस) से जुड़ी हुई है। शमा प्रवीण नाम की यह लड़की मूल रूप से झारखंड की रहने वाली है। गुजरात सरकार का कहना है कि सोशल मीडिया के सहारे वह आतंकी विचारधारा का प्रचार-प्रसार करने में जुटी हुई थी। गुजरात के गृह मंत्री हर्ष सांघवी ने शमा की गिरफ्तारी को बड़ी सफलता बताते हुए कहा है कि उसका पाकिस्तान कनेक्शन है।

शमा प्रवीण को बेंगलुरु के हेब्बल में मोनारायानापाल्या स्थित किराये के घर से दबोचा गया। वह यहां अपने छोटे भाई के साथ रह रही थी जो बेंगलुरु में नौकरी करता है। एसटीएस सूत्रों का कहना है कि अधिकारी सोशल मीडिया पर ऐसे लोगों को ट्रैक कर रहे थे जो टेरर मॉड्यूल के संपर्क में हैं और चरमपंथी विचारों वाली सामग्री शेयर करते हैं। इसके तहत हाल ही में आतंकियों को गिरफ्तार किया गया था। अब इनके संपर्क में रहने वाली शमा को भी गिरफ्तार किया है। शमा



अविवाहित है और बेरोजगार है। आरोप है कि वह भड़काऊ भाषणों और जिहादी कॉटेंट को इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपलोड करके लोगों को समर्थन करने को कहती थी। वह कथित तौर पर आतंकी मॉड्यूल के संपर्क में थी और प्रतिबंधित संगठनों से सहानुभूति रखती थी। वह हाल ही में एटीएस की ओर से गिरफ्तार किए गए लोगों को फॉलो करती थी। गिरफ्तारी के बाद एटीएस ने बेंगलुरु की स्थानीय अदालत में पेश किया और ट्रांजिट वारंट हासिल किया। गुजरात के गृहमंत्री हर्ष सांघवी ने कहा कि एटीएस ने पहले एक्यूआईएस के चार आतंकियों को गिरफ्तार किया है। कल एक और बड़ी सफलता मिली है। एक महिला जो बेंगलुरु से है, वह बहुत कट्टर आतंकी है। ऑनलाइन टेटर मॉड्यूल पर काम करती है। उसके महत्वपूर्ण पाकिस्तानी संपर्क भी अलग-अलग डिवाइस से मिले हैं। यूपी, दिल्ली और गुजरात से पकड़े गए थे 4 आतंकी हाल ही में गुजरात एटीएस ने एक्यूआईएस से जुड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया था। एटीएस ने एक बयान में बताया था कि ये चारों व्यक्ति सोशल मीडिया मंचों पर एक्यूआईएस के जिहादी प्रचार वीडियो सहित कट्टरपंथी और उकसावे वाली सामग्री साझा करने में शामिल थे, जिसका उद्देश्य सशस्त्र विद्रोह के माध्यम से देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था को उखाड़ फेंकना और 'शरिया कानून' लागू करना था। गुप्त सूचना के आधार पर एटीएस ने पांच इंस्टाग्राम अकाउंट पर कड़ी नजर रखी और इन्हें चलाने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें से दो गुजरात के रहने वाले हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान पुलिस ने दिल्ली निवासी मोहम्मद फाइक, नोएडा (उत्तर प्रदेश) निवासी जीशान अली, गुजरात के अरवल्ली जिले के निवासी सैफुल्ला कुरैशी और अहमदाबाद निवासी मोहम्मद फरदीन शेख के रूप में की है।

### संक्षिप्त समाचार

#### सुशांत सिंह राजपूत केस: कोर्ट ने रिया चक्रवर्ती को थमाया नोटिस

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई की एक अदालत ने बॉलीवुड अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को एक नोटिस जारी करके फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दायर 'क्लोजर रिपोर्ट' पर जवाब मांगा है। केंद्रीय एजेंसी ने पांच साल पुराने इस मामले में अपनी 'क्लोजर रिपोर्ट' मार्च में उपनगरीय बांद्रा स्थित एक मजिस्ट्रेट अदालत में दाखिल की थी। बाद में यह मामला दक्षिण मुंबई की एस्प्लेनेड अदालत में स्थानांतरित कर दिया गया, जो सीबीआई के मामलों की सुनवाई करती है। एस्प्लेनेड अदालत में मामले की सुनवाई कर रहे अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आर डी चव्हाण ने इस महीने की शुरुआत में मामले के मूल शिकायतकर्ता/पीड़ित/ (चक्रवर्ती) को नोटिस जारी किया था। चक्रवर्ती ने राजपूत की बहनों और एक डॉक्टर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि वे उनकी मौत के लिए जिम्मेदार हैं। इस मामले की अगली सुनवाई 12 अगस्त को होगी। सीबीआई ने मामले की जांच के बाद एक 'क्लोजर रिपोर्ट' पेश की। संबंधित पक्षों की सुनवाई के बाद, अदालत को यह तय करना है कि रिपोर्ट स्वीकार की जाए या एजेंसी को आगे की जांच का आदेश दिया जाए। बिहार के रहने वाले राजपूत (34) 14 जून, 2020 को बांद्रा स्थित अपने अपार्टमेंट में मृत पाए गए थे। रिया चक्रवर्ती ने कहा था कि सुशांत बाइपोलर डिसॉर्डर से पीड़ित थे और ठीक से अपना इलाज नहीं करवा रहे थे। वहीं सीबीआई ने कहा था कि इस मामले में मूल रूप से आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ कोई आपराधिक मामला नहीं पाया गया है।

#### चमोली में बस पलटने से छह सैनिकों सहित सात लोग गंभीर रूप से घायल


**चमोली, एजेंसी।** उत्तराखंड के चमोली जिले में बुधवार को बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बस के सड़क पर पलटने से उसमें सवार सेना के छह जवानों समेत सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चमोली के जिलाधिकारी डॉ. संदीप तिवारी ने यहां बताया कि हादसा नंदप्रयाग के पास सोनला में हुआ जहां सैनिकों से भरी बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गयी। तिवारी ने बताया कि जोशीमठ से रायवाला जा रही इस बस में चालक के अलावा सेना के 31 जवान सवार थे। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में सेना के छह जवान और वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हुए हैं तथा उन्हें कर्ण प्रयाग के सरकारी अस्पताल में भर्ती किया गया है। उन्होंने बताया कि शेष जवान मामूली रूप से घायल हुए हैं।

#### रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को जीएसटी चोरी रोकने के लिए कदम उठाने के निर्देश दिए

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की चोरी रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। रेड्डी ने मंगलवार रात वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की और उनसे यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि सभी कंपनियां जीएसटी भुगतान करें। मंगलवार देर रात जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि उन्होंने जीएसटी भुगतानकर्ताओं की शंकाओं को दूर करने के लिए एक कॉल सेंटर स्थापित करने का सुझाव दिया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संबंधित कार्यालयों में करदाताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए कदम उठाने के भी निर्देश दिए।

#### दिल्ली में महिलाओं को मिलेगी 24×7 आज़ादी, नाइट शिफ्ट में कर सकेंगी काम, सुरक्षा के होंगे कड़े इंतजाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार द्वारा नाइटलाइफ़ को पुनर्जीवित करने के प्रयासों के तहत, अब दिल्ली में महिलाएं दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में रात्रि पाली (24म7) में काम कर सकेंगी। इस ऐतिहासिक निर्णय की घोषणा करते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इस कदम से कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और साथ ही राष्ट्रीय राजधानी में व्यापार करने में आसानी को भी बढ़ावा मिलेगा। दिल्ली सरकार ने दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में महिलाओं को रात्रि पाली में काम करने की अनुमति देने वाले प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस कदम का उद्देश्य कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना और दिल्ली को 24 घंटे कार्यरत रहने वाला व्यावसायिक केंद्र बनाना है। गुप्ता ने इसे एक ''ऐतिहासिक निर्णय'' बताते हुए कहा कि यह कदम महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि रात्रि पाली में काम करने वाली महिलाओं की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए कड़े सुरक्षा उपाय किए जाएंगे मुख्यमंत्री ने कहा, ''दिल्ली अब हरियाणा, तेलंगाना, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु जैसे राज्यों की सूची में शामिल हो जाएगी, जहां महिलाओं को रात्रि पाली में काम करने की अनुमति है।'' गुप्ता ने कहा, ''यह नीति केवल काम के घंटे बढ़ाने के बारे में नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय राजधानी में महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और अधिक समावेशी कार्य का माहौल बनाने के हमारे इरादे का प्रतीक है।



### भारत बनाम इंग्लैंड:

## अगर पांचवां टेस्ट नहीं खेले जसप्रीत बुमराह, तो कुछ ऐसी हो सकती है प्लेइंग इलेवन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट में नहीं खेलेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम ने वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए उन्हें इस मैच में नहीं खेलने की सलाह दी है। बुमराह ने इस सीरीज में अब तक तीन मैचों में 14 विकेट लिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पांच मुकाबलों की सीरीज में भारत के 1-2 से पिछड़ने के बावजूद, टीम मैनेजमेंट और चयनकर्ताओं ने मूल योजना के अनुसार ही आगे बढ़ने का फैसला किया है। सीरीज से पहले ही स्पष्ट कर दिया गया था कि बुमराह पांच में से सिर्फ तीन ही टेस्ट खेलेंगे। बुमराह ने हेडिंग्ले में पहला टेस्ट खेला, लेकिन एजबेस्टन में दूसरा टेस्ट नहीं खेले।

इसके बाद लॉर्ड्स और ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए मुकाबले में बुमराह मैदान पर उतरे। बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने बुमराह को बताया कि उन्हें इस सुझाव पर विचार करना चाहिए, क्योंकि यह उनकी पीठ की सुरक्षा और दीर्घकालिक भविष्य को ध्यान में रखते हुए है। बुमराह इस सीरीज में धीमी और सपाट पिचों पर गेंदबाजी के लिए मजबूर हुए, जिससे उनका वर्कलोड बढ़ गया। चौथे टेस्ट में उन्होंने 33 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 112 रन देकर दो विकेट लिए। बीसीसीआई की मेडिकल टीम का मानना है कि उन्हें आराम देने से लंबे समय में फायदा होगा। अगर जसप्रीत बुमराह निर्णायक टेस्ट में नहीं उतरते, तो मोहम्मद सिराज तेज गेंदबाजी को लीड करते नजर आ सकते हैं। जसप्रीत बुमराह के स्थान पर अर्शदीप सिंह को टेस्ट में डेब्यू का मौका मिल सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अर्शदीप हाथ की चोट से उबर गए हैं। अगर आकाश दीप फिट रहे, तो इस जोड़ी का साथ दे सकते हैं।

ऋषभ पंत चोटिल होने के बाद सीरीज के अंतिम मैच से बाहर हो चुके हैं। उनके स्थान पर भले ही एन जगदीशन को टीम में शामिल किया गया, लेकिन अंतिम एकादश में दाएं हाथ के विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल नजर आ सकते हैं। दूसरी ओर, अंशुल कंबोज और शार्दुल ठाकुर को प्लेइंग इलेवन से बाहर रखा जा सकता है। कुलदीप यादव भी प्रैक्टिस सेशन में जमकर पसीना बहाते नजर आए हैं। तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर के स्थान पर इस स्पिनर को मौका दिया जा सकता है।

पांचवें टेस्ट के लिए भारत की संभावित प्लेइंग इलेवन को देखा जाए, तो यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल बतौर सलामी बल्लेबाज नजर आएंगे, जबकि साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल बल्लेबाजी को मजबूती देंगे। विकेटकीपिंग का जिम्मा ध्रुव जुरेल के पास हो सकता है। रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर गेंद और बल्ले से अपनी चमक बिखरने में सक्षम हैं। तेज गेंदबाजी का भार आकाश दीप, अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज के कंधों पर डाला जा सकता है, जबकि कुलदीप यादव को स्पिन विभाग की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।

### स्पॉन्सर ने भारत-पाकिस्तान डब्ल्यूसीएल सेमीफाइनल से नाम वापस लिया

# देश पहले, बिजनेस बाद में

**नई दिल्ली एजेंसी।** वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) में इंडिया चैंपियंस और पाकिस्तान चैंपियंस के बीच सेमीफाइनल मैच 31 जुलाई को खेला जाना है, लेकिन मुकाबले पर सवालिया निशान है। टूर्नामेंट के टॉप स्पॉन्सर ने घोषणा की है कि वह डब्ल्यूसीएल में भारत-पाकिस्तान मैच से नहीं जुड़ेगा। डब्ल्यूसीएल के मेन स्पॉन्सर में से एक इजीमायट्रिप ने भारत-पाकिस्तान के बीच डब्ल्यूसीएल में खेले जाने वाले सेमीफाइनल मैच से नाम वापस ले लिया है।




कंपनी ने अपनी इस नीति को दोहराया है कि वह पाकिस्तान से जुड़े किसी भी मैच में हिस्सा नहीं लेती। ट्रैवल-टेक कंपनी के सह-संस्थापक निशांत पिट्टी ने एक्स पोस्ट पर लिखा, हम टीम इंडिया चैंपियंस की वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में शानदार प्रदर्शन के लिए सराहना करते हैं। आपने देश को गौरवान्वित किया है। हालांकि, पाकिस्तान के खिलाफ आगामी सेमीफाइनल कोई साधारण मैच नहीं है। आतंकवाद और क्रिकेट साथ-साथ नहीं चल सकते। हम भारत के साथ खड़े हैं। हम ऐसे किसी भी आयोजन का समर्थन नहीं कर सकते, जो आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देश के साथ संबंध सामान्य करने की कोशिश करता हो। उन्होंने आगे लिखा, भारत के लोगों ने अपनी बात रखी है और हम उनकी बात सुन रहे हैं। इजीमायट्रिप, डब्ल्यूसीएल में भारत-पाकिस्तान मैच से नहीं जुड़ेगा।

कुछ चीजें खेल से बड़ी होती हैं। देश पहले, बिजनेस बाद में। इससे पहले, भारतीय खिलाड़ियों और एक प्रमुख टूर्नामेंट स्पॉन्सर के कड़े विरोध के बाद, भारत-पाकिस्तान की टीमों के बीच लीग चरण का मुकाबला आधिकारिक तौर पर रद्द कर दिया गया था। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए, जिसने दोनों देशों के बीच सैन्य तनाव बढ़ा दिया। इजीमायट्रिप की ओर से जारी बयान में कहा गया, हालांकि इजीमायट्रिप ने डब्ल्यूसीएल के साथ 5 साल का स्पॉन्सरशिप एग्रीमेंट किया है, लेकिन हमारा रुख हमेशा से स्पष्ट रहा है।

हम पाकिस्तान से जुड़े किसी भी डब्ल्यूसीएल मुकाबले में न तो हिस्सा लेंगे और न ही उससे जुड़ा रहेंगे। हम गर्व के साथ इंडिया चैंपियंस टीम का समर्थन जारी रखेंगे, लेकिन किसी भी ऐसे मैच का समर्थन या प्रचार नहीं करेंगे, जिसमें पाकिस्तान शामिल हो। यह स्थिति डब्ल्यूसीएल टीम को शुरू से ही स्पष्ट रूप से बता दी गई थी।

# सीएएफए नेशंस कप खेलेगी भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एएफसी एशियन कप 2027 क्वालीफायर्स के फाइनल राउंड की तैयारी के तहत भारत की सीनियर पुरुष फुटबॉल टीम सेंट्रल एशियन फुटबॉल एसोसिएशन (सीएएफए) नेशंस कप 2025 में हिस्सा लेगी। यह टूर्नामेंट 31 अगस्त से 8 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। सेंट्रल एशियन फुटबॉल एसोसिएशन ने भारत को इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया है। दरअसल, यह टूर्नामेंट फीफा के आधिकारिक कैलेंडर से बाहर है और मलेशिया ने लॉजिस्टिक्स संबंधी चुनौतियों और खिलाड़ियों की अनुपलब्धता के चलते इसमें हिस्सा लेने से इनकार कर दिया, जिसके बाद भारत को आमंत्रित किया गया।

भारत को उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान की तरफ से संयुक्त रूप से आयोजित द्विवार्षिक सेंट्रल एशियन टूर्नामेंट में शामिल किया गया। उसे ग्रुप-बी में रखा गया है, जो दुशांबे में खेला जाएगा। भारत 29 अगस्त को मेजबान ताजिकिस्तान, 1 सितंबर को ईरान और 4 सितंबर को अफगानिस्तान से खेलेगा।



प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें प्ले-ऑफ चरण में पहुंचेंगी, जहां 8 सितंबर को दो मैच खेले जाएंगे। तीसरे स्थान का मैच दो ग्रुप उपविजेताओं के बीच दुशांबे में खेला जाएगा, जबकि दो ग्रुप विजेता टीमें ताशकंद में फाइनल खेलेंगी। उज्बेकिस्तान ग्रुप-ए की मेजबानी करेगा, जिसे ताशकंद में किर्गिज गणराज्य, तुर्कमेनिस्तान और ओमान के साथ रखा गया है। सीएएफए के छह सदस्य हैं: अफगानिस्तान, इस्लामी गणराज्य ईरान, किर्गिज गणराज्य, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान। ओमान और भारत सीएएफए नेशंस कप के दूसरे संस्करण के लिए आमंत्रित दो टीमें हैं। ईरान गत विजेता है, जिसने 2023 के फाइनल में उज्बेकिस्तान को 1-0 से शिकस्त दी थी। भारत को एएफसी एशियन कप क्वालीफायर्स के फाइनल राउंड के अपने शुरुआती मैच में हांगकांग के खिलाफ 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के शेष चार मैच सिंगापुर के खिलाफ (क्रमशः 9 और 14 अक्टूबर), बांग्लादेश के खिलाफ (18 नवंबर) और चीन के खिलाफ (31 मार्च 2026) घरेलू मैदान पर होंगे।

### एशिया कप फुटबॉल:

## भारत महिला एशियाई कप के ग्रुप सी में, जापान-वियतनाम और चीनी ताइपे अन्य टीमें



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जापान ने 2011 में महिला विश्व कप जीता था। वह अभी विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर है जो एशियाई टीमों में सर्वश्रेष्ठ है। वियतनाम की विश्व रैंकिंग 37 जबकि चीनी ताइपे की 42 है। भारत वर्तमान में विश्व में 70वें स्थान पर है। भारत को अगले साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप सी में जापान, पूर्व चैंपियन चीनी ताइपे और वियतनाम के साथ रखा गया है। एक से 21 मार्च, 2026 तक चलने वाले 12 टीमों के इस टूर्नामेंट के लिए ड्रॉ मंगलवार को सिडनी टाउन हॉल में आयोजित किये गए, जिसमें भारतीय मिडफील्डर संगीता बासफोर तीन ड्रॉ सहायकों में से एक थीं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली 12 टीमों को चार-चार टीमों के तीन ग्रुप में बांटा गया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत चार मार्च, 2026 को पर्थ रेक्टेंगुलर स्टेडियम में वियतनाम के खिलाफ मैच से करेगी। इसके बाद भारत सात मार्च को इसी मैदान पर जापान से और फिर 10 मार्च को वेस्टर्न सिडनी स्टेडियम में चीनी ताइपे से भिड़ेगा। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें और तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाएंगी। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चारों टीम को ब्राजील में 2027 में होने वाले महिला विश्व कप में जगह मिलेगी, जबकि क्वार्टर फ़ाइनल में हारने वाली टीमें प्लेऑफ में पहुंचेंगी, जहां इस वैश्विक प्रतियोगिता में जगह बनाने के लिए दो और स्थान दांव पर होंगे।

जापान ने 2011 में महिला विश्व कप जीता था। वह अभी विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर है जो एशियाई टीमों में सर्वश्रेष्ठ है। वियतनाम की विश्व रैंकिंग 37 जबकि चीनी ताइपे की 42 है। भारत वर्तमान में विश्व में 70वें स्थान पर है और इस तरह से वह ग्रुप में सबसे कम रैंकिंग वाली टीम है। भारत के मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री ने अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) की विज्ञप्ति में कहा, मुझे लगता है कि हमारा ग्रुप काफी दिलचस्प है, लेकिन साथ ही काफी पेचीदा भी है। जापान एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीम है।

## अभिषेक शर्मा साथी ओपनर को पीछे छोड़ बने नंबर-1 बल्लेबाज




**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बुधवार (30 जुलाई) को मेंस क्रिकेट की अपडेटेड रैंकिंग जारी की। टी20 रैंकिंग में अभिषेक शर्मा नंबर-1 बल्लेबाज बन गए। उन्होंने ट्रेविस हेड को पीछे छोड़ा। दोनों इंडियन प्रीमियर लीग में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए ओपनिंग करते हैं। अभिषेक शर्मा टी20 रैंकिंग में नंबर-1 बल्लेबाज बनने वाले भारत के तीसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव नंबर-1 बल्लेबाज बने थे।

### मकाऊ ओपन बेडमिंटन:

## आयुष शेट्टी मकाऊ ओपन के क्वार्टर फाइनल में, ध्रुव-तनिषा भी अगले दौर में पहुंचे

**मकाऊ, एजेंसी।** विश्व के 31वें नंबर के खिलाड़ी शेट्टी ने 66वीं रैंकिंग वाले हुआंग को केवल 31 मिनट में 21-10, 21-11 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। भारत के युवा खिलाड़ी सातवें वरीय आयुष शेट्टी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए बुधवार को यहां चीनी ताइपे के हुआंग यू काई को सीधे गेम में हराकर मकाऊ ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व के 31वें नंबर के खिलाड़ी शेट्टी ने 66वीं रैंकिंग वाले हुआंग को केवल 31 मिनट में 21-10, 21-11 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

मिश्रित युगल में विश्व में 18वें स्थान पर काबिज और यहां पांचवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की जोड़ी भी आगे बढ़ने में सफल रही। इस



भारतीय जोड़ी ने थाईलैंड के रत्चपोल मक्कासितोर्न और नट्टामोन लाइसुआन को 26 मिनट तक चले मुकाबले में 21-10, 21-15 से हराया।

पुरुष एकल में सतीश कुमार करुणाकरण का सफर समाप्त हो गया। उन्हें प्री-क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के जस्टिन होह से 37 मिनट में 19-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा।

### डब्ल्यूसीएल:

## बिन्नी-पठान की तूफानी पारी, इंडिया चैंपियंस ने वेस्टइंडीज चैंपियंस को हरा सेमीफाइनल में बनाई जगह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडिया चैंपियंस ने मंगलवार (29 जुलाई) को वेस्टइंडीज चैंपियंस को वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 के आखिरी लीग मैच में हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। इंडिया चैंपियंस को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए 14.1 ओवर में 145 का लक्ष्य हासिल करना था। इंडिया चैंपियंस ने 13.2 ओवर में लक्ष्य को हासिल कर लिया। स्टुअर्ट बिन्नी ने बेहतरीन अर्धशतक जड़ा। इसके अलावा यूसुफ पठान ने बेहतरीन पारी खेली। स्टुअर्ट बिन्नी ने 21 गेंद पर नाबाद 50 रन बनाए। उन्होंने 3 चौके और 4 छक्के लाए। यूसुफ पठान ने 7 गेंद पर 1 चौके और 2 छक्कों की मदद से 21 रन बनाए। पठान ने विनिंग सिक्स लगाया और अपने बच्चों की तरफ दौड़ पड़े। उन्हें गले लगा लिया। सेमीफाइनल में पाकिस्तान चैंपियंस, साउथ अफ्रीका चैंपियंस और ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस ने जगह बनाई।

इंडिया चैंपियंस की शुरुआत तेज नहीं हुई

वेस्टइंडीज चैंपियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कीरोन पोलार्ड की तूफानी पारी की मदद से 20 ओवर में 9 विकेट पर 144 रन बनाए। जवाब में इंडिया चैंपियंस की शुरुआत बहुत तेज नहीं हुई। रॉबिन उथप्पा और शिखर धवन ने पहले विकेट के लिए 3.2 ओवर में 27 रन जोड़े। उथप्पा 7 गेंद पर 8 रन बनाकर आउट हो गए। शिखर धवन 18 गेंद पर 25 रन बनाकर आउट हुए। इंडिया चैंपियंस का स्कोर 4.4 ओवर में 2 विकेट पर 36 रन हो गया।

### बिन्नी और युवराज के बीच 66 रन की साझेदारी

इंडिया चैंपियंस को तीसरा झटका 6.3 ओवर में 50 रन पर लगा। गुरकीरत सिंह मान 7 रन बनाकर आउट हुए। सुरेश रैना 7 रन बनाकर आउट हुए। इंडिया चैंपियंस का स्कोर 7.1 ओवर में 4 विकेट पर 52 रन हो गया। इसके बाद स्टुअर्ट बिन्नी और युवराज सिंह के बीच 66 रन की साझेदारी हुई। युवराज 11 गेंद पर 21 रन बनाकर आउट हुए। तब इंडिया चैंपियंस का स्कोर 11.4 ओवर में 5 विकेट पर 118 रन हो गया। इसके बाद यूसुफ पठान क्रीज पर आए और बेहतरीन बल्लेबाजी की। वेस्टइंडीज चैंपियंस के लिए ड्वेन स्मिथ और ड्वेन ब्रावो ने 2-2 विकेट लिए। शेल्डन कोट्रल ने 1 विकेट लिए।

### कैनेडियन ओपन:

## गॉफ ने कोलिन्स को हराया, इतो ने पाओलिनी को शिकस्त दी

**मॉन्ट्रियल, एजेंसी।** टॉप सीड कोको गॉफ ने कैनेडियन ओपन में डेनिएल कोलिन्स के खिलाफ लगभग तीन घंटे चले कड़े मुकाबले में जीत हासिल की। इसी के साथ उन्होंने जून में रोलां गैरो जीतने के बाद पहला मैच अपने नाम किया। गॉफ तीसरे सेट में हार से सिर्फ दो अंक दूर थीं, लेकिन उन्होंने पासा पलटते हुए आखिरकार 7-5, 4-6, 7-6(2) से जीत दर्ज की।



कोलिन्स ने आखिरी 80 मिनटों में पिछड़ने के बाद वापसी की, लेकिन वह कभी भी मैच प्वाइंट तक नहीं पहुंच सकीं और अंतिम 11 में से 9 अंक गंवा बैठीं। यह मुकाबला आईजीए स्टेडियम में खेला गया। मुकाबला जीतने के बाद कोको गॉफ ने कहा, मैं अच्छी प्रैक्टिस कर रही थी, लेकिन मुझे नहीं लगता कि इस मैच में उस तैयारी के अनुरूप खेल सकी। उम्मीद है कि मैंने टूर्नामेंट का अपना खराब मैच जीत लिया है। डेनिएल शानदार बॉल स्ट्राइकर हैं। मैंने जितनी बार उनकी सर्विस ब्रेक की, उससे मुझे कुछ सकारात्मक बातें सीखने को मिलेंगी। अब गॉफ का अगला मुकाबला पूर्व टॉप-10 खिलाड़ी वेरोनिका कुडरमेतोवा से होगा।

## द. अफ्रीका के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम की घोषणा



**कैनबरा,एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टी20आई और वनडे श्रृंखला के लिए 14 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। बाएं हाथ के बल्लेबाज ट्रैविस हेड और दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की राष्ट्रीय टीम में वापसी हुई है। ऑलराउंडर मैट शॉर्ट की भी टीम में वापसी हुई है, जबकि आक्रामक बल्लेबाज मिच ओवेन वेस्टइंडीज के खिलाफ कुछ प्रभावशाली प्रदर्शनों के बाद दोनों टीमों में शामिल होने के बाद अपने वनडे पदार्पण की दौड़ में हैं।

नियमित वनडे कप्तान पैट कमिंस साल के अंत में व्यस्त घरेलू कार्यक्रम के कारण टीम से बाहर रहेंगे, मिशेल मार्श कार्यवाहक वनडे कप्तान बने रहेंगे जबकि उनके साथी तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क को भी इस श्रृंखला से आराम दिया गया है। वेस्टइंडीज श्रृंखला के बाद शॉन एबॉट, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, तनवीर संघा, कूपर कोनोली और आरोन हार्डी उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिनकी टीम से छुट्टी हो गई है। मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने संकेत दिया है कि टीम अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए तैयारी जारी रखेगी।

बेली ने आईसीसी के हवाले से कहा, जैसे-जैसे हम टी20 विश्व कप की ओर बढ़ रहे हैं, वेस्टइंडीज में दिखाई गई लचीलापन और गहराई, स्पष्ट परिणामों के अलावा, एक बहुत बड़ी सकारात्मक बात रही है।

बल्लेबाजी क्रम में लचीलापन और गेंदबाजों की पारी के विभिन्न चरणों में गेंदबाजी करने की क्षमता विशेष रूप से देखने लायक थी। मिच ओवेन और मैट कुहनेमैन ने अपने-अपने पदार्पण किए और नाथन एलिस द्वारा की गई तैयारी और मेहनत उन्हें सभी 5 मैच खेलने का मौका देने के लिए मुख्य आकर्षण थे।

## संक्षिप्त समाचार

### नशे से दूरी है जरूरी अभियान का क्रियान्वयन, कलेक्टर सहित अन्य ने शपथ ली

**विदिशा (निप्र)।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित जागरूकता अभियान नशे से दूरी है जरूरी के संदर्भ में नागरिको के साथ-साथ अधिकारी , कर्मचारियों के मध्य जनजागरूकता कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को लंबित आवेदनो की समीक्षा बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत चैबे ने उक्त अभियान की निहित बिन्दुओं को सांझा किया है। ततपश्चात कलेक्टर सहित अन्य सभी अधिकारी, कर्मचारियों के द्वारा शपथ ली गई है। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने शपथ का वाचन किया, अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर सहित संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर व विभिन्न विभागो के अधिकारियों ने शपथ को दोहराया है। कार्यक्रम में हमारा यहीं संदेश, नशामुक्त हो मध्यप्रदेश, पुलिस द्वारा प्रकाशित पेम्पलेट और संदेश प्रवर परिवार के द्वारा नशा मुक्त अभियान के रेखांकन पर आधारित फोल्डर का वितरण किया गया है।

### कृषि स्थायी समिति की बैठक 31 को

**विदिशा (निप्र)।** जिला पंचायत की कृषि स्थायी समिति के सभापति की अध्यक्षता में समिति की बैठक 31 जुलाई को आयोजित की गई है। यह बैठक जिला पंचायत के सभागार में दोपहर 2 बजे से शुरू होगी। समिति के सदस्य सचिव व किसान कल्याण कृषि विभाग के उपसंचालक ने बैठक एजेंडा बिंदूओं के संदर्भ में बताया कि कृषि विभागः-योजनाओं के पंजीयन की प्रकिया।संचालित योजनाओं के नाम एवं अनुदान राशि।मूंग उपार्जन की जानकारी। खाद बीज की उपलब्धता। विभिन्न योजनांतर्गत प्राप्त लक्ष्यों का अनुमोदन। तथा कृषि अभियांत्रिकी संचालित योजनाओं के नाम एवं अनुदान राशि। कस्टम हायरिंग सेंटर लक्ष्य एवं पूर्ति। सम्पूर्ण योजनाओं की जानकरी एवं लक्ष्य पूर्ति (वर्ष 2024-25)।विभिन्न योजनांतर्गत प्राप्त लक्ष्यों का अनुमोदन । पशुपालन विभाग की योजनाओं के पंजीयन की प्रक्रिया।संचालित योजनाओं के नाम एवं अनुदान राशि। सम्पूर्ण योजनाओं की लक्ष्य पूर्ति (वर्ष 2024-2025) 1श पशुपालन विभाग के सम्पूर्ण उपस्वास्थ्य केन्द्रो की जानकरी। विभिन्न योजनांतर्गत प्राप्त लक्ष्यों का अनुमोदनमत्स्य विभाग की योजनाओं के पंजीयन की प्रक्रिया। संचालित योजनाओं के नाम एवं अनुदान राशि। सम्पूर्ण योजनाओं की लक्ष्य पूर्ति (वर्ष 2024-2025)उद्यानिकी विभाग अंतर्गत विभिन्न योजनांतर्गत प्राप्त लक्ष्यों का अनुमोदन ।योजनाओं के पंजीयन की प्रकिया। संचालित योजनाओं के नाम एवं अनुदान राशि एवं पीएमएफएमई, पीडीएमसी, एमआईडीएच योजनाओं की विस्तृत जानकारी। सभी योजनओं की जानकारी लक्ष्य पूर्ति (वर्ष 2024-2025)।विभिन्न योजनांतर्गत प्राप्त लक्ष्यों का अनुमोदन ।

### प्रतिबंध के बावजूद अमरगढ़ वाटरफॉल आने वाले सैलानियों के 05 वाहनों पर की गई चालानी कार्रवाई

**सीहोर (निप्र)।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. के निर्देशानुसार सीहोर जिले के वाटरफॉल, बांध, नदियों के तटीय क्षेत्र सहित अन्य जोखिमपूर्ण स्थानों पर सैलानियों को जाने से रोकने के लिए इन स्थानों के मार्गों पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। शाहगंज थाना पुलिस द्वारा प्रतिबंध के बावजूद अमरगढ़ वाटरफॉल आए 05 टूरिस्ट वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई। कलेक्टर श्री बालागुरू के. द्वारा वर्षा ऋतु में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिले के दिगंबर वाटरफॉल, अमरगढ़ वाटरफॉल, कालियादेव वाटरफॉल, बुधनी मिडघाट क्षेत्र, कोलार बांध क्षेत्र, झोलियपुर बैराज, नर्मदा तटीय सहित सभी जोखिमपूर्ण स्थानों पर जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। ताकि इन स्थानों पर होने वाली संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। प्रतिबंध का उल्लंघन कर इन स्थानों पर जाने वाले लोगों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने सभी नागरिकों से बांध, तालाब, झरनों सहित अन्य जोखिमपूर्ण स्थानों पर नहीं जाने की अपील करते हुए कहा है कि इस प्रतिबंध का पालन करें और वर्षा ऋतु के दौरान अपने जीवन की सुरक्षा को महत्व देते हुए इन स्थानों पर ना जाएं।

### बेतवा नदी में बही महिला का शव बरामद

**विदिशा (निप्र)।** गंजबासौदा के गंज वाले पुल के पास बेतवा नदी में शुक्रवार को शंकर जी की पार्थिव प्रतिमा विसर्जन के दौरान ग्राम मुटर्रा निवासी श्रीमती राजकुमारी दांगी पत्नी स्व. जसवंत सिंह दांगी फिसलकर गिरने से नदी में बह गई थी। खोजबीन हेतु आज तीसरे दिन सुबह से सर्चिंग अभियान डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड मयंक कुमार जैन के नेतृत्व में शुरू किया गया। भोपाल से आई एनडीआरएफ की टीम द्वारा 4 बोट एवं एसडीईआरएफ एवं होमगार्ड विदिशा की 3 बोट और 30 जवानों द्वारा संयुक्त खोजबीन की गई। आज रविवार 27 जुलाई को उक्त महिला के शव की बरामदगी कुरवाई के वाटर फिल्टर प्लांट के पास होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ विदिशा की टीम द्वारा सघन सर्चिंग अभियान के दौरान की गई तथा उसे विधिसंगत कार्यवाही हेतु पुलिस के सुपुर्द किया गया। उक्त सर्चिंग अभियान में एनडीआरएफ टीम की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने विशेष तकनीकी उपकरणों एवं प्रशिक्षण के माध्यम से खोज कार्य को प्रभावी ढंग से संचालित किया। प्रशासन की ओर से महिला के परिवार को हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है।

### जिले में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं रासायनिक उर्वरक

**सीहोर (निप्र)।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में उर्वरक वितरण संबंधी प्रक्रिया का प्रभावी संचालन किया जा रहा है और किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले के किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को परेशान नही होना पड़े। इस संबंध में कृषि विभाग के उप संचालक श्री अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि जिले में वर्तमान में खरीफ फसलों की लगभग 95 प्रतिशत तक बोनी पूर्ण हो चुकी है। उन्होंने बताया कि खरीफ वर्ष 2025-26 में जिले के लिए 65,000 मे.टन यूरिया, 25,000 मे.टन डी.ए.पी., 25,000 मे.टन एस.एस.पी. एवं 17,000 मे.टन एन.पी.के. उर्वरकों की मांग की गई थी, जिसमें से अभी तक 44,930 मे.टन यूरिया, 13,300 मे.टन डी.ए.पी., 16,200 मे.टन एस.एस.पी. एवं 7,700 मे.टन एन.पी.के. जिले की सहकारी संस्थाओं एवं निजी विक्रेताओं के माध्यम से कृषकों को वितरित किया जा चुका है।

---

### लंबित आवेदनो की समीक्षा

# रोपित पौधो के फोटोग्राफ्स जियो टैग सहित उपलब्ध कराएं : कलेक्टर



**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने सोमवार को लंबित आवेदनो की समीक्षा की। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन, समाधान ऑन लाइन कार्यक्रम, मानव अधिकार आयोग सहित अन्य आयोगो से प्राप्त आवेदनो के अलावा वरिष्ठ कार्यालयों और जन सुनवाई कार्यक्रम के लंबित आवेदनो पर विभागीय अधिकारियों द्वारा विभागवार निराकरण की अद्यतन जानकारियां प्राप्त की है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी विभागो के जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनो का स्वंय कम से कम पांच आवेदको से हर रोज संवाद करें ताकि निराकरण को गति मिल सकें। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज आवेदनो का मतलब यह नहीं कि हम प्रदेश स्तरीय रैकिंग सूची में स्थान हासिल करें बल्कि आवेदक की समस्या का निदान कर उनके विश्वास पर शासन प्रशासन खरा उतरे यहीं प्रमुख उद्धेश्य होना चाहिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सीएम हेल्पलाइन और समाधान ऑन लाइन कार्यक्रम के सम्मिलित विषयों को क्रियान्वित कराने वाले विभागो की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि समाधान ऑन लाइन कार्यक्रम में जिन विषयों को शामिल किया गया है उन बिन्दुओं पर आधारित एक भी आवेदन लंबित ना रहें ताकि समाधान ऑन लाइन कार्यक्रम में जिले का एक भी आवेदन उस स्तर तक ना पहुंचे कि मुख्यमंत्री जी को आवेदक से संवाद कर निराकरण कराना पडे। कलेक्टर श्री गुप्ता ने जिले में जारी एक पेड़ मां के नाम अभियान तहत रोपित किए जाने वाले पौधो के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु विभागवार तय किए गए लक्ष्यों की उपलब्धियों का जायजा लिया। उन्होंने विभागीय अधिकारियो को निर्देशित किया है कि जो भी पौधे लगाए जाते है उसकी जानकारी सम्पूर्ण रिकार्ड संधारित किया जाए जिसमें कहा लगाए गए, कौन सी प्रजाति के पौधे है, सुरक्षा के उपाय, ग्रीष्मकाल के दौरान पानी देने की व्यवस्था इत्यादि का विवरण स्पष्ट रूप से अंकित हो। कलेक्टर श्री गुप्ता ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पौधरोपण कार्यो को जहां-जहां किया जाता है उन क्षेत्रो में रोपित पौधो के फोटोग्राफ्स जियो टेग सहित संधारित किए जाएं। उक्त रिकार्ड को जिला पंचायत में व्यवस्थित रूप से रखे जाने के निर्देश दिए गए है। समीक्षात्मक बैठक में विभागवर लगाए गए पौधो की संख्या में से संबंधित विभाग के जिलाधिकारी द्वारा जानकारियां सांझा की गई। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में सम्पन्न हुई इस बैठक में अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर समेत विभिन्न विभागो के जिलाधिकारी मौजूद रहे जबकि खण्ड स्तरीय अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से संवाद किया गया है।



### पीएम उज्ज्वला योजना ने बदली श्रीमती भारती जैसी लाखों महिलाओं की जिंदगी

**सीहोर (निप्र)।** केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना भी उन्हीं योजनाओं में से एक हैं। यह योजना केवल एक गैस कनेक्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लाखों महिलाओं के जीवन में आत्मसम्मान, स्वच्छता और सशक्तिकरण की अलख जगा चुकी है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गरीब परिवारों की महिलाओं को मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन प्रदान किया जाता है। यह योजना स्वच्छ ऊर्जा, बेहतर स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण जैसे अनेक लक्ष्यों को एक साथ साधती है। सीहोर निवासी श्रीमती भारती दीक्षित भी उन्हीं महिलाओं में से एक हैं, जिन्हें इस योजना का लाभ मिला है। श्रीमती भारती कहती हैं कि पहले वे परंपरागत चूल्हे पर लकड़ी और उपलों से खाना बनाती थीं, जिससे धुएं की वजह से उन्हें कई स्वास्थ्य समस्याएं हो रही थीं। आंखों में जलन, सांस की तकलीफ और रसोईघर में जमा कालिख उनकी दिनचर्या का हिस्सा बन चुकी थी। लेकिन उज्ज्वला योजना उनके लिए एक वरदान साबित हुई।



### मन की बात कार्यक्रम बज्जरवाडा में हुआ सम्पन्न

**बैतूल (निप्र)।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम का जिले के घोड़ाडोंगरी ब्लॉक के ग्राम बज्जरवाडा में विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और स्थानीय ग्रामीणों ने सहभागिता कर प्रधानमंत्री जी के विचारों का श्रवण किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक बैतूल श्री हेमंत खंडेलवाल, विधायक घोड़ाडोंगरी श्रीमती गंगाबाई उईके, जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) श्री मोहन नागर, पूर्व बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष श्री राघवेंद्र शर्मा, समाजसेवी एवं शिक्षाविद श्रीमती ऋतु खंडेलवाल, श्री सुधाकर पवार, सरपंच श्रीमती स्नेहलता इवने, कमलेश सिंह, श्री नंदन यादव, श्री रामसिंह काकोडिया सहित कई जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी का मन की बात कार्यक्रम हमेशा समाज और संस्कृति के लिए प्रेरणादायी रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में आत्मनिर्भर और विकसित भारत की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और समूहों का उल्लेख किया गया, जो हम सभी के लिए मार्गदर्शक हैं। विधायक खंडेलवाल ने जानकारी दी कि बैतूल जिले की स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए जिला स्तर पर एक केंद्र बनाया जाएगा। साथ ही ग्राम स्तर पर विक्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए बज्जरवाडा और बांचा की तर्ज पर अन्य गांवों में भी होम स्टे विकसित किए जाएंगे, ताकि पर्यटक जनजातीय परंपराओं से परिचित हो सकें।

## प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत

### 10 टीबी मरीजों को फूड बास्केट प्रदान कलेक्टर ने नागरिको से जिले को टीबी मुक्त बनाने में सहयोग करने की अपील की



**नर्मदापुरम (निप्र)।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत नर्मदापुरम जिले में सभी विकासखण्डों में टीबी स्क्रीनिंग का कार्य किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले में 306000 लोगों की जांच का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से अब तक 54986 लोगों की टीबी स्क्रीनिंग टीबी स्टाफ, सीएचओ, एएनएम एवं आशा कार्यकर्ता द्वारा की जा चुकी है। सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गेहलोत के मार्गदर्शन में सोमवार 28 जुलाई को जिला क्षय केंद्र में 10 टीबी मरीजों को फूड बास्केट प्रदान की गई।

इस अवसर पर जिला क्षय अधिकारी, डॉ संजय पुरोहित एमओडीटीसी, विशेष दुबे डीपीसी, हेमन्त अग्रवाल, श्याम वर्मा, चंदा शेख, वर्षा शर्मा सहित एनएचएम कार्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत केन्द्रीय जेल, छात्रावासों, रेन बसेरों और अन्य स्लम क्षेत्रों में टीबी स्क्रीनिंग शिविर लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। जिले में अब तक 158 निक्षय मित्र बनाए जा चुके हैं, जो टीबी मरीजों को स्वेच्छिक फूड बास्केट वितरण कर रहे हैं।

भारत सरकार द्वारा निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी मरीजों को 1000 प्रतिमाह डीबीटी के माध्यम से इलाज पूर्ण होने तक दिए जा रहे हैं। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना एवं सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गेहलोत द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 60 वर्ष से अधिक आयुवर्ग नागरिक, सभी डायबिटिक मरीज, सभी धूम्रपान वाले नागरिक, पुराने टीबी मरीज के संपर्कित व्यक्ति जिनका बीएमओ 18 से कम है, साथ ही टीबी के लक्षण जैसे सर्दी जुकाम खाँसी वाले नागरिकों से अपील की गई है कि वे नजदीकी स्वास्थ्य संस्था में जाकर टीबी की स्कीनिंग निःशुल्क करायें एवं जिले को टीबी मुक्त जिला बनाने में सहयोग करे।

## "विधिक साक्षरता से सशक्त बनता है समाज"

### सन्यासा, गोंदागांव कला छिपानेर में विधिक जागरूकता शिविर सम्पन्न



**हरदा (निप्र)।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष श्रीमती तृप्ति शर्मा के मार्गदर्शन में शनिवार को माध्यमिक शाला सन्यासा, शासकीय नवीन माध्यमिक शाला गोंदागांव कला, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला छिपानेर में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायाधीश एवं सचिव श्री चंद्रशेखर राठौर ने बताया कि बाल अधिकार जागरूकता अभियान बच्चों के अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जागरूकता बढ़ाने, शिक्षा को बढ़ावा देने और बाल यौन शोषण बाल विवाह, बाल श्रम आदि के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए चलाया जा रहा है। उन्होने यह भी बताया कि नालसा ''डॉन स्कीम'' राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा द्वारा नशा उन्मूलन के लिये शुरू की गई एक पहल है। इसका उद्देश्य, विशेष रूप से युवा व किशोरों में नशीले पदार्थों के उपयोग के विरूध्द जागरूकता बढ़ाना और नशे के शिकार लोगों को कानूनी सहायता और कल्याणकारी सेवाएं प्रदान करना है। श्री राठौर ने शिविर में नालसा नशा पीड़ितो को विधिक सेवाएें एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाऐं योजना के उपबंधों की जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत ड्रग्स तस्करी एवं ड्रग्स पीड़ितों को जिला प्राधिकरण के द्वारा आवश्यक विधिक सेवा उपलब्ध करायी जाती है। योजना के तहत ड्रग्स पीड़ितों को पहचानने, उनका उपचार करने तथा नशा मुक्ति के पश्चात उनके पुनर्वास में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं को गतिमान कराया जाता है। साथ ही ड्रग्स के खतरों एवं इसके उन्मूलन के प्रभावी उपायों के विषय में संवेदनशील बनाया जाता है। जिला प्राधिकरण एवं राज्य की कई एजेन्सियों के साथ साथ गैर सरकारी संगठन भी नशीले पदार्थो की तस्करी और मादक पदार्थो के उन्मूलन के क्षेत्र में कार्यरत है। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सौरभ कुमार दुबे ने नालसा बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना के तहत ''पॉक्सो एक्ट, पॉक्सो रूल्स तथा प्रतिकर'' से संबंधित अन्य कानूनी प्रावधानों एवं मध्यप्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, नालसा लैंगिक हमलों अन्य अपराधों की पीड़िताओं सर्वाईवर्स महिलाओं के लिए प्रतिकर योजना की जानकारी उपस्थितजनों को दी। इस अवसर पर ''पंच-ज'' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण को हरा भरा और स्वस्थ बनाना है वृक्षारोपण हमारे जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिविर में ग्राम पंचायत सन्यासा के सह सचिव श्री महेन्द्र राजपूत, ग्राम पंचायत गोंदागांव के सचिव श्री धर्मेंद्र लाठी एवं ग्राम पंचायत छिपानेर के सचिव श्री लक्ष्मण बिल्लौरे, ग्रामीणजन एवं पैरालीगल वॉलेंटियर श्री राहुल जाट उपस्थित रहे।



### सक्षम कार्यक्रम के तहत शिक्षक अभिविन्यास प्रशिक्षण आयोजित

**बैतूल (निप्र)।** जनजातीय कार्य विभाग मध्यप्रदेश द्वारा संचालित 'सक्षम'जीवन कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत सीएम राइज विद्यालय शाहपुर में एक दिवसीय शिक्षक अभिविन्यास रिफ्रेशर प्रशिक्षण सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे बैचवार आयोजित हुआ। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य वर्ष 2 के मॉड्यूल की नवाचारों एवं उद्देश्यों से शिक्षकों को परिचित कराना था। प्रशिक्षण की शुरुआत ब्लॉक प्रबंधक द्वारा मीना सातनकर और इंद्रसेन नागले प्री-टेस्ट से हुई, जिसके बाद वर्ष 1 एवं वर्ष 2 के मॉड्यूल की संरचना एवं मुख्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मास्टर ट्रेनर राजेश भट्ट, गणेश कुमरे ने पूर्व वर्षों की उपलब्धियों और अनुभवों का विश्लेषण प्रस्तुत किया। ब्लॉक प्रबंधक विद्या रैकवार ने जेंडर समानता और बाल संरक्षण के महत्व पर विशेष सेशन के माध्यम से शिक्षकों की समझ विकसित की। बाल दुर्व्यवहार के प्रकार व रोकथाम के लिए प्रभावी कदम भी सुझाए गए। मास्टर ट्रेनर फरीदा अली ने जीवन कौशल सत्रों का व्यवहारिक प्रदर्शन कर शिक्षकों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक निष्ठा सौदावत ने विद्यालय में मेरी सीख का कोना , सक्षम वॉल, बिहेवियर मैनेजमेंट सिस्टमजैसे नवाचारों को लागू करने हेतु मार्गदर्शन किया और 11 जीवन कौशलों की मेहता और बारीकियां पर चर्चा की गई।

## आजिविका मिशन ने खोले भागवती अहिरवार के लिए आत्मनिर्भता के द्वार

### बहुआयामी आजिविका गतिविधियों से जुड़ कर पारिवारिक आय में की वृद्धि




**नर्मदापुरम (निप्र)।** जिले के रायपुर गांव की रहने वाली श्रीमती भागवती अहिरवार ने यह सिद्ध कर दिखाया है कि अगर इच्छाशक्ति हो तो कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती। वर्ष 2019 में आजीविका मिशन से जुड़ने के बाद उन्होंने अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को न सिर्फ सुधारा, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत बन गई। शुरुआत में उनके परिवार का एकमात्र सहारा उनके पति की खेती-बाड़ी थी, जिससे गुजर-बसर मुश्किल से होता था। लेकिन समूह से जुड़ने के बाद आरसेटी (ऋस्श्वञ्जढ्ढ) प्रशिक्षण संस्था नर्मदापुरम से उन्होंने सीएससी (ष्टस्ष्ट) कियोस्क आईडी चलाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके बाद समूह से ऋण लेकर अपने ही गांव में एक सीएससी कियोस्क सेंटर की स्थापना की, जिससे उनकी आय 5,000 से 7,000 प्रतिमाह तक पहुंच गई। श्रीमती अहिरवार ने बहुआयामी आजीविका गतिविधियों के द्वारा बढ़ाये आत्मनिर्भरता की ओर कदम जिसमें सीएससी कियोस्क संचालन के लिए उन्होने आरसेटी से प्रशिक्षण लेकर सीएससी केंद्र शुरू किया जिससे उन्हें निरंतर आय हो रही है। इसी के साथ बैंक सखी एवं बीसी सखी बनने के लिए भागवती अहिरवार ने बैंक सखी प्रशिक्षण प्राप्त कर मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक, मालाखेड़ी शाखा में कार्य प्रारंभ किया, जिससे उन्हें 3 हजार से 4 हजार तक की मासिक आमदनी हो रही है। जिला आजीविका मिशन से जुड़े ऑनलाइन व ऑफलाइन कार्यों को करते हुए उन्हें 3 हजार की अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। श्रीमती अहिरवार के पति ने समूह के माध्यम से ऋण प्राप्त कर कृषि कार्य को और अधिक विस्तार दिया, जिससे पारिवारिक आय में स्थायित्व आया। भागवती अहिरवार को मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का भी लाभ मिल रहा है। उन्होंने अपने गांव की महिलाओं को भी इस योजना के बारे में जागरूक कर योजना का लाभ दिलवाया। समूह की नियमित बैठकों में भाग लेने से भागवती अहिरवार का आत्मविश्वास बढ़ा है। आज वे आजीविका मिशन की सक्रिय सदस्य हैं और विभिन्न स्वरोजगार गतिविधियों से हर माह सतत आय अर्जित कर रही हैं। उनका कहना है कि आजीविका मिशन से जुड़ना उनके जीवन का सबसे बड़ा निर्णय रहा, जिसने उनके पूरे परिवार की दिशा और दशा दोनों को बदल दिया।

स्वत्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रामपाल सिंह परमार द्वारा जय माता प्रिंटर्स, 28, कुम्हारपुरा, चर्च रोड, जिंसी चौराहा, जहांगीराबाद, भोपाल, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं 49 वर्धमान ग्रीन एन्क्लेव दामखेड़ा, सागर लैंड मार्क के पास अयोध्या बायपास, भोपाल (मप्र) से प्रकाशित। संपादक रामपाल सिंह परमार। समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार (समस्त न्यायिक मामलों का क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा) फोन नं. - 8770932048